वर्ष 23, अंक 247, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 28 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है: पीएम

**नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री ने देशवासियों से दिवाली पर वोकल फॉर लोकल रहने की सलाह भी दी और आत्मनिर्भर भारत की सुनहरी तस्वीर पेश की। इस दौरान पीएम ने एनिमेशन सेक्टर की ताकत से भी रूबरू कराया।
पीएम मोदी ने कहा, एनिमेशन सेक्टर आज एक ऐसी इंडस्ट्री का रूप ले चुका है जो दूसरी इंडस्ट्री को ताकत दे रहा है। जैसे इन दिनों वीआर टूरिज्म के जरिए आप वर्चुअल टूर करके अजंता की गुफा देख सकते हैं, वाराणसी के घाटों का आनंद ले सकते हैं, कोणार्क मंदिर के कॉरिडोर में टहल सकते हैं। ये सभी वीआर एनिमेशन भारत के क्रिएटर्स ने तैयार किए हैं।
पीएम ने कहा, स्मार्ट फोन से लेकर सिनेमा स्क्रीन तक, गेमिंग कंसोल से लेकर वर्चुअल रियलिटी तक, एनिमेशन हर जगह मौजूद है। एनिमेशन की दुनिया में भारत नई

**● प्रधानमंत्री ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 115वें एपिसोड में एनिमेशन सेक्टर को भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया**

क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। इंडियन गेम्स भी इन दिनों दुनिया भर में पॉपुलर हो रहे हैं।
पीएम ने कहा, एनिमेटर्स के साथ ही इस सेक्टर में आज गेम डेवलपर, स्टोरी टेलर, वॉइस ऑवर कलाकारों की मांग भी बढ़ती जा रही है। इसी के चलते पीएम मोदी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, अपनी क्रिएटिविटी को विस्तार दें, क्या पता दुनिया का अगला सुपरहिट एनिमेशन आपके कंप्यूटर से निकले, अगला फेमस गेम आपका बनाया हुआ हो सकता है। 28



अक्टूबर को वर्ल्ड एनीमेशन डे मनाया जाएगा। हम भारत को ग्लोबल एनिमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेते हैं।
मन की बात में पीएम मोदी ने टॉप गेमर्स के साथ हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात के दौरान मुझे इंडियन गेम्स की अद्भुत क्रिएटिविटी और क्वालिटी को जानने-समझने का मौका मिला। वाकई देश में क्रिएटिव एनर्जी की एक लहर चल रही है। एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाय इंडियंस छाया हुआ है।

### पीएम मोदी ने मोटू-पतलू सिरियल का किया जिक्र

**मेक** इन इंडिया का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत एनिमेशन दुनिया में नई क्रांति लाने वाला है. पीएम मोदी ने एनिमेडिट सीरियल का जिक्र करते हुए कहा, "देश में क्रिएटिविटी की लहर चल रही है. जब छोटा भीम टीवी पर आता था तो बच्चे कितने खुश होते थे. हमारे दूसरे एनिमेटेड सिरियल मोटू-पतलू, हनुमान दुनिया भर में प्रचलित हैं. भारत का एनिमेशन दुनिया भर में प्रचलित है. कल वर्ल्ड एनिमेशन डे मनाया जाएगा. आइए भारत को मजबूत करें."
पीएम मोदी ने कहा, "एनिमेशन सेक्टर आज एक ऐसी इंडस्ट्री का रूप ले चुका है, जो दूसरी इंडस्ट्री को ताकत दे रहा है जैसे इन दिनों वीआर टूरिज्म बहुत प्रसिद्ध हो रहा है. आप वर्चुअल टूर के जरीए अंजता की गुफाओं को देख सकते हैं. कोणार्क मंदिर के कॉरिडोर में टहल सकते हैं।

## एयर डिफेंस सिस्टम हुआ तबाह

### इजरायली एयरस्ट्राइक में ईरान के 4 सैनिकों की मौत



**ईरानः ईरान** और इजरायल के बीच संबंधों में हमेशा तनाव बना रहा है. इजरायल ने शनिवार (26 अक्टूबर) को ईरान पर हमला किया. माना जा रहा है कि इसी महीने की शुरूआत में ईरान की ओर से किए गए मिसाइल हमलों के जवाब में इजरायल ने ये हमला किया. वहीं, इस हमले के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजरायल के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हुए ईरान को जवाबी कार्रवाई न करने की चेतावनी दी है.
ईरान के सैन्य ठिकानों पर इजरायल की ओर से किए हमले में 4 ईरानी सैनिकों की मौत हो गई है. अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका अपने क्षेत्र में मौजूद सेना और सुविधाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है और ईरान को इजरायल के हमलों का जवाब देने की गलती नहीं करनी चाहिए. अगर ईरान ने हमला करने की कोशिश की तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. हालांकि, ईरान ने इस पर कहा है कि वो इजरायल के इस हमले का जवाब देगा.
इजरायल-ईरान तनाव पर 10 बड़ी बातें
1. ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता सीन सेवेट ने कहा कि इजरायल ने यह हमला 1 अक्टूबर को हुए हमले के जवाब में किया है और इजरायल के इस हमले का जवाब ईरान जरूर देगा.
2. सऊदी अरब ने इजरायल की ओर से ईरान पर किए हमले की निंदा की है. साथ ही उन्होंने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है. सऊदी अरब दोनों पक्षों को संयम बरतने को कहा.
3. ईरान पर किए गए हमले पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी शनिवार को इजरायल के सैन्य हमलों की कड़ी निंदा की है. इस दौरान उन्होंने कहा ये कार्रवाई क्षेत्र को अस्थिर करती हैं ।

### गोरखपुर जा रही ट्रेन में चढ़ने के लिए अफरा-तफरी

# मुंबई के बांद्रा टर्मिनस में भगदड़

## ट्रेन में जल्दी चढ़ने के दौरान मची भगदड़, 10 लोग घायल



**मुंबई**
**मुंबई** के बांद्रा टर्मिनस पर रविवार सुबह मची भगदड़ में 9 यात्री घायल हो गए हैं। 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसा प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर सुबह करीब 6 बजे हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस आई थी, उसमें चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई।
घायलों के नाम शाबिर रहमान (40), परमेश्वर गुप्ता (28), रविंदर हरिहर (30), रामसेवक प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगे (27), दिव्यांशु यादव (18), शरीफ शेख (25), इंद्रजीत साहनी (19) और नूर मोहम्मद (18) हैं।
बांद्रा टर्मिनस भगदड़ से जुड़ी तस्वीरें...
बांद्रा टर्मिनस छठ और दीपावली के लिए घर जाने वालों की भारी भीड़ है।
बांद्रा टर्मिनस छठ और दीपावली के लिए घर जाने वालों की भारी भीड़ है।
गोरखपुर एक्सप्रेस सुबह 5.56 बजे प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंची, जिसमें चढ़ने के लिए भगदड़ हुई।
गोरखपुर एक्सप्रेस सुबह 5.56 बजे प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंची, जिसमें चढ़ने के लिए भगदड़ हुई।
भगदड़ में घायल लोगों को इलाज मिलने से पहले प्लेटफॉर्म पर ही लिटाया गया।
भगदड़ में घायल लोगों को इलाज मिलने से पहले प्लेटफॉर्म पर ही लिटाया गया।
एम्बुलेंस और स्ट्रेचर न मिलने पर पुलिस वाला घायल को कंधे पर उठाकर ले गया।
एम्बुलेंस और स्ट्रेचर न मिलने पर पुलिस वाला घायल को कंधे पर उठाकर ले गया।
घायल को उनके साथ मौजूद रिश्तेदार चादर में उठाकर ले गए।
घायल को उनके साथ मौजूद रिश्तेदार चादर में उठाकर ले गए।

### कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, मुंबई में जंगलराज

**कांग्रेस** नेता राशिद अल्वी ने रविवार को आईएएनएस से बात की। उन्होंने मुंबई के बांद्रा टर्मिनल पर हुई भगदड़ और दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। मुंबई के बांद्रा टर्मिनल स्टेशन पर हुई भगदड़ में यात्रियों के घायल होने पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, मुंबई में जंगल राज है। हाल ही में एक नेता की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई और सरकार तमाशा देखती रही है। अब रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई। यह जिम्मेदारी सिर्फ महाराष्ट्र सरकार की नहीं, बल्कि भारत सरकार की भी है। क्योंकि, केंद्र में और महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है। इनके नेता हमेशा डबल इंजन सरकार की बात करते हैं। इसका नतीजा यह होगा कि लोगों को मारा जाएगा।

### 'रील मंत्री की जगह एक रेल मंत्री होते'- आदित्य ठाकरे



**मुंबई: महाराष्ट्र** के मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की खबर सामने आई है. जिसमें 9 यात्री घायल हो गए. वहीं लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है. जिसको लेकर शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को घेरा है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि काश रील मंत्री एक बार रेल मंत्री होते.
बांद्रा की घटना यही दशार्ती है कि वर्तमान रेल मंत्री कितने अक्षम हैं. बीजेपी ने विधानसभा चुनाव के लिए अश्विनी वैष्णव को महाराष्ट्र का प्रभारी बनाया है, लेकिन हर हफ्ते रेलवे में ऐसी दुर्घटनाएं देखने को मिलती रहती हैं. कितने शर्म की बात है कि हमारा देश ऐसे अयोग्य मंत्रियों के अधीन रहने को मजबूर है.
घटना को लेकर रेलवे ने क्या कहा?
पश्चिम रेलवे की तरफ से अधिकारिक बयान जारी किया गया है. जिसमें कहा गया है कि 27 अक्टूबर को लगभग 2: 45 मिनट पर सवारी गाड़ी संख्या 22921 अंत्योदय एक्सप्रेस BDTS यार्ड से प्लेटफार्म नंबर-1 पर धीरे-धीरे प्लेसमेंट हो रही थी तभी प्लेटफार्म पर उपस्थित कुछ यात्रियों ने चलती हुई ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया.
इस दौरान 2 यात्री गिरकर घायल हो गए. ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ,जीआरपी, होमगार्ड द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए यात्रियों को नजदीक के सरकारी भाभा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

### बटेंगे तो कटेंगे बयान पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली। कांग्रेस** नेता राशिद अल्वी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे बयान पर सख्त ऐतराज जताया है। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने सवाल किया कि आखिर बांट कौन रहा है? इसके साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर भी बात की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बटेंगे तो कटेंगे पर आरएसएस के समर्थन पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, यह बड़ा सवाल है।

## नकली गांधी परिवार खुद को कानून से ऊपर समझता है : गौरव

**नई दिल्ली। भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने केरल के वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी के नामांकन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नकली गांधी परिवार खुद को कानून से ऊपर समझता है।
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया था, इसको लेकर भाजपा ने कुछ प्रमुख मुद्दे उठाए थे, जिसमें पहला



प्रमुख मुद्दा ये था कि क्राइम मास्टर 'गोगो' रॉबर्ट वाड्रा जो भ्रष्टाचार करते आए हैं और उनको गांधी परिवार का संरक्षण प्राप्त है।
उन्होंने आगे कहा कि प्रियंका गांधी का हलफनामा कम, लेकिन गांधी परिवार के भ्रष्टाचार का हलफनामा ज्यादा था। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो दलित समाज से आते हैं, उनका किस तरीके से अपमान किया गया था, उस मुद्दे को हमने प्रमुखता से उठाया।
गौरव भाटिया ने कहा कि ये हमारी जिम्मेदारी है कि जो भारत का संविधान और सर्वोच्च न्यायालय कहता है, वो हर प्रत्याशी और नागरिक पर लागू हो। ऐसा क्यों है कि नकली गांधी परिवार समझता है कि वो कानून से ऊपर है।
बता दें कि केरल के वायनाड में लोकसभा के लिए उपचुनाव लड़ रहीं प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा दिए गए हलफनामे के मुताबिक, उन्होंने शेयर बाजार में भी निवेश किया हुआ है और उनके पोर्टफोलियो में कुल 18 कंपनियां शामिल है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने समर्पण से कांग्रेस पार्टी को ऊंचाइयों पर पहुंचाया : शैलजा



**नई दिल्ली। कांग्रेस** अध्यक्ष के रूप में मल्लिकार्जुन खड़गे के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस महासचिव कुमारी शैलजा ने बधाई दी है।
वायनाड से प्रियंका गांधी के नॉमिनेशन में मल्लिकार्जुन खड़गे को कमरे से बाहर रखे जाने के आरोप पर उन्होंने कहा कि, यह भाजपा की घटिया राजनीति का हिस्सा है। वायनाड से प्रियंका गांधी के नामांकन दाखिल करने के दौरान उन्हें पूरा सम्मान दिया गया। वो हमारे बहुत सीनियर नेता हैं और उनका सम्मान हमेशा रहा है। उन्होंने अपनी मेहनत और निष्ठा के आधार पर बतौर पार्टी अध्यक्ष दो साल का कार्यकाल पूरा किया है। मेरा मानना है कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी का जनाधार बढ़ा है और विस्तार हुआ है। उन्होंने अपने समर्पण से कांग्रेस पार्टी को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। हमें उम्मीद है कि वह इसी तरह हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।
उत्तराखंड के केदारनाथ सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी पूरी है। हमें उम्मीद है कि हम बड़ी जीत दर्ज करेंगे। सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता मेहनत कर रहे हैं। पिछले दो उपचुनाव में हमारा बेहतर प्रदर्शन रहा है। केदारनाथ की जनता भाजपा को खारिज करके कांग्रेस को जीताने का काम करेगी।
प्रियंका गांधी वाड्रा के वायनाड से चुनाव लड़ने के सवाल पर कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा ने कहा कि पार्टी ही नहीं पूरे देश की मांग थी कि प्रियंका गांधी चुनाव लड़ें। उन्होंने देश भर में कांग्रेस पार्टी के लिए मेहनत की है और अभी भी उनका संघर्ष जारी है। हमें खुशी है कि वह अब वायनाड से चुनाव लड़ रही हैं।

## बेलागंज से एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी ने कहा, बदहाली में जी रही जनता को सम्मान दिलाएंगे

**गया। बिहार** की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी एलायंस के साथ अन्य दलों ने अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है और 25 अक्टूबर तक सभी प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर अपनी-अपनी विधानसभा में चुनाव प्रचार भी तेज कर दिया है। विधानसभा उपचुनाव को लेकर बेलागंज से एनडीए की प्रत्याशी मनोरमा देवी ने रविवार को आईएएनएस से बात की।
बेलागंज में माहौल क्या चल रहा है। इस पर एनडीए की प्रत्याशी ने कहा, "विधानसभा में माहौल क्या चल रहा है यह तो जनता ही बताएगी। लेकिन, माहौल काफी अच्छा चल रहा है।"
दूसरे प्रत्याशियों के बारे में उन्होंने कहा, "इस देश में कोई भी किसी पार्टी से चुनाव लड़ सकता है। सभी को चुनाव लड़ने की आजादी है।"
मनोरमा देवी ने आगे कहा, "मैं विधानसभा में घूम रही हूं। यहां पर बीते 35 साल में जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

## एकता मर्डर केस: पहले बताया निर्दोश

### फिर कबूला गुनाह... प्रेम प्रसंग, लालच या कुछ और? क्या है हत्या की वजह

**कानपुर: उत्तर** प्रदेश के कानपुर में शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता को मारकर लाश डीएम आवास के पास दफनाने का मामला गरमा गया है। इस सनसनीखेज मामले ने शहर में चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह उठाया जा रहा है कि आखिर विमल सोनी ने एकता गुप्ता की हत्या क्यों की? दरअसल, शुक्रवार को पुलिस की गिरफ्त में आए जिम ट्रेनर विमल सोनी ने एकता हत्याकांड को कबूल किया। उनकी निशानदेही पर लाश को डीएम आवास के पास ऑफिसर्स



फ्लैट कैंपस से खुदाई कर बरामद कर लिया गया है। हालांकि, इससे पहले विमल सोनी ने पुलिस को खूब घुमाया।
एकता गुप्ता की किडनैपिंग और हत्या का आरोपी विमल सोनी पुलिस को पहले खूब नचाता रहा। जून से ही पुलिस विमल सोनी और एकता की तलाश में थी। दोनों के फोन उसी समय से बंद थे। हजारों सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद भी दोनों का सुराग नहीं लग पाया था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को विमल सोनी एक सूचना के आधार पर पकड़ा गया। उससे पुलिस ने लंबी पूछताछ की। पहले वह खुद को निर्दोष बताता रहा।
एकता को लेकर करता रहा इनकार
पुलिस की शुरूआती पूछताछ में विमल सोनी एकता के बारे में कुछ भी जानने से इनकार करता रहा। शुक्रवार देर रात उसने कहा कि एकता की हत्या कर उसने शव को गंगा में फेंक दिया था।
इसके बाद पुलिस उसे लेकर रात में ही अटल घाट पहुंच गई। वहां विमल ने एक स्थान दिखाया। हालांकि, इस दौरान उसके बयानों की पूरी कड़ी नहीं जुड़ती दिखी।

### सेबी जैसी संवैधानिक संस्था में

## भ्रष्टाचार से गड़बड़ा रहा है आर्थिक आधार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली। कांग्रेस** ने मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का पतन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही नहीं बढ़ा है बल्कि सेबी जैसी संस्थाओं में गड़बड़ी होने लगी है जिससे अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंच रही है।
लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां जारी एक बयान में शनिवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार जड़ जमा



रहा है और देश की विकास का आधार खोखला हो रहा है।
उन्होंने कहा,ह्लसंस्थागत पतन ने देश में भाई- भतीजावाद को बढ़ावा दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था अब प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की बजाय एकाधिकार को बढ़ावा दे रही है। छोटे और मध्यम व्यवसाय प्रतिगामी कर प्रणाली में फंस गए हैं, उद्यमियों को संघर्ष करना पड़ रहा है और खुदरा निवेशक अनिश्चित और असुरक्षित बाजार की ओर देख रहे हैं। अर्थव्यवस्था का यह माहौल समृद्धि और नवप्रवर्तन को सक्षम तथा प्रभावी बनाने वाला नहीं है।
गांधी ने प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड- सेबी प्रमुख मधुबी बुच पुरी पर लगे आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा,ह्लमाधवी बुच का घोटाला इस बात का उदाहरण है कि जब संस्थाएं ध्वस्त हो जाती हैं और भाईचारा हावी हो जाता है तो क्या होता है। जिन लोगों को आम भारतीयों और उनके निवेशों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से इनकार कर दिया है और वे लोग खुद ही व्यापक पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार और कदाचार में लिप्त हैं। इस घोटाले पर अब तक जो जानकारी सामने आई है वह बस एक शुरूआत भर है। भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम एक बड़ा सिंडिकेट कर रहा है।
उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार इन मुद्दों को उठा रही है, कई घोटालों की जांच कर रही है ।

### सीएम स्टालिन ने चेन्नई मेट्रो रेल फेज-2 का काम समय पर पूरा होने का आश्वासन दिया

**चेन्नई। तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
चेन्नई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मुख्यालय में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के साथ परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने के बाद मीडिया से बात करते हुए ।

# मांडा मे चक्रवाती तूफान की तबाही से किसानों की बत्ती गुल

## रविवार को मानसून का मिजाज बदला किसानों की बढ़ी चिन्ता

अखण्ड भारत सन्देश



**मांडा।** यमुनापार के मांडा क्षेत्र में किसानों के लिए मंगलवार काले दिवस के रूप मे यादगार रहेगा।कारण यह की किसानों की कड़ी मेहनत पर चक्रवती तूफान ने इस कदर पानी फेरा हैं कि किसानों के चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही है। वही रविवार को पुनः मानसून का मिजाज बदलते देख किसानों की धड़कने तेजी से बढ़ने लगी और चिन्ता के सागर में किसान डूबते नजर आए 'बतादे की मांडा क्षेत्र मे मंगलवार की शाम बदले मौसम के मिजाज मे चक्रवाती तूफान ने जमकर तबाही मचाई। इसी प्रकार रविवार को पुनः सुबह से मानसून की मिजाज बदलने से किसानों की चिन्ता बढ़ गई है जिससे धान की फसल को भारी नुकसान हो रहा है । धान की खड़ी फसल अचानक गिर गई। यह नजारा देख किसानों के चेहरे की रौनक गायब हो गई। तूफानी तबाही से किसान काफी चिंतित हैं। मांडा के ऊंटी गांव के कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि उनकी धान की फसल खेत में एकदम गिर गई है। जिससे उनका काफी नुकसान हो गया। खेती चौपट होते ही किसान हताश एवं मायूस हो गए। वहीं चपरतला गांव के किसान दिनेश कुमार, फूलचंद्र कुशवाहा, राधेश्याम, साधू व जफरा गांव के किसान अरुण बिंद, गणेश सिंह, राजकुमार, मोतीलाल, रामपुर सीरिया के किसान शिव शंकर, रवि शंकर, राम सहाय और महुआरी कला गांव के राम किशोर सिंह, राम चंद्र, प्रेम सागर, शिवराम, अजय कुमार, विजय सिंह साहित तमाम किसानों ने बताया की गाढ़ी कमाई व कड़ी मेहनत पर चक्रवती तूफान ने पानी फेर दिया। फसलें बर्बाद हो गई। किसानों ने तहसील प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग किया है।

### मध्य प्रदेश पुलिस ने दो युवकों को उठाया

**फिल्मी स्टाइल में पहुंची लालापुर थाना क्षेत्र गाँव पूरे बल्दू**
**लालापुर पुलिस को नहीं दी जानकारी, शंकरगढ़ थाने ले जाकर एक को छोड़ा**

**लालापुर।** शनिवार देर रात मध्य प्रदेश पुलिस एक गाड़ी से लालपुर थाना क्षेत्र के पूरे बल्दू गांव में पहुंची और दो युवकों को पकड़ कर गांव से लेकर चली गई ।कुछ देर बाद जानकारी मिली की दोनों को शंकरगढ़ थाने के पास मध्य प्रदेश पुलिस की टीम लेकर खड़ी है। जब परिजनों को पता चला तो शंकरगढ़ थाने के पास पहुंच गए और जानकारी कर एक युवक को छुड़ा लिया दूसरे युवक शुभम मिश्र को मध्य प्रदेश पुलिस पकड़कर थाना व्यौहारी सहडोल लेकर चली गई । परिजनों ने बताया की पैसे के लेनदेन का मामला सामने आया है उनके पुत्र से किसी भी प्रकार का कोई मामला नहीं है फिर भी पुलिस जबरन बिना किसी सबूत और सूचना के पकड़कर ले गई है । पूरेबल्दू कोटा गांव में इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा है । एसीपी बारा संतलाल सरोज व थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र ने बताया की इस मामले की जानकारी नहीं है।

# विशाल पर्वतारोहण का आयोजन 8 दिसम्बर को बड़ोखर में

अखंड भारत संदेश

### कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई बैठक



**कोरांव।** पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पर्वतारोहण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में क्षेत्रीय सम्भ्रांत नागरिकों की बैठक रविवार को फूल चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कृषक शांति निकेतन इंटर कॉलेज बड़ोखर में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 8 दिसंबर रविवार को पर्वतारोहण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए यमुनापार पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि पर्वतारोहण की पूर्व सध्या पर एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहाकि पर्वतारोहण का यह आयोजन पर्यटन विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं अपनी धरोहरो को संरक्षित करने का प्रेरक प्रयास है जिसमें सुशिक्षित लोगों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। बैठक में समिति के सचिव सुनील कुमार केशरी, बुद्धसेन पाण्डेय, आशिफ खांन, अमर बहादुर, सुधीर कुमार केसरी, सुमन शुक्ला, आजाद विश्वकर्मा, विशाल केसरी, अंकुश मिश्रा, गोविन्द कुमार, विश्वनाथ प्रताप सिंह, राकेश पटेल आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

# हनुमान की भक्ति लक्ष्मण का त्याग और जगत माता सीता की बदौलत लंका पर मिली विजय : मनीष गुप्ता

**मेजा खास स्थित बाबा बोलन नाथ धाम के दशमी बारी में आयोजित दशहरा में राम रावण महासंग्राम में रावण का पुतला दहन हुआ**




**मेजा।** मेजा तहसील स्थित बाबा बोलन नाथ धाम के समीप दशहरा मैदान पर लंकापति रावण के पुतले का दहन सतरंगी आतिशबाजी के बीच हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। प्रभु श्रीराम ने तीर संघार कर रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन होते ही हजारों लोगों से भरे दशहरा मैदान में श्रीराम के जयकारे की गूंज से वातावरण राममय हो गया। इसके पूर्व लंकापति दशानन और भगवान श्रीराम की सेना के बीच महासंग्राम हुआ। अंत में अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। रावण का दंभ धरा रह गया। शनिवार को 12 दिन रामलीला मंचन के बाद रविवार को दशहरे का आयोजन श्री रामलीला कमेटी द्वारा किया गया। मेजा खास की यह रामलीला पिछले 9 दशक से होता चला आ रहा है। इसके पहले भगवान राम दरबार की अलौकिक झांकी मेजा खास बाजार में दो रथ एक पर रावण और दूसरे पर राम, लक्षण और हनुमान के साथ निकाली गई। इस दौरान जहां घोड़ों का नृत्य दर्शकों को बांधे रखा था। वहीं डीजे की धुन पर युवाओं ने खूब डांस कर लोगों को आकर्षित किया। अंत में रामलीला स्टेज पर गुरु वशिष्ठ द्वारा श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। कमेटी के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा रामसेवक हनुमान की राम भक्ति, लक्ष्मण का त्याग समर्पण सीता नारी के सुरक्षा सम्मान की लड़ाई मिल जुलकर टीम भावना से लड़कर लंका पर विजय प्राप्त की। राम के आदर्श सनातन हिन्दू धर्म की रक्षा करना था। उनसे हम सबको सीख लेने की जरूरत है। इसी क्रम में डायरेक्टर तौलन प्रसाद ने कहा कि राम के चरित्र के आदर्श को अपने जीवन उतारने से ही रामलीला का उद्देश्य पूरा होगा। यह केवल मनोरंजन नहीं है। इस मौके पर लालजी मिश्र, सुधीर गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव,संजीव सिंह, राहुल मिश्र, कैलाश गुप्ता, राधे श्याम, सुनील, नरेंद्र, धीरज, संदीप सिंह, वीपी सिंह,अंकित गुप्ता, कैलाश शर्मा सहित व्यास ब्रह्मानंद शुक्ल की टीम आदि कलाकारों की भूमिका सराहनीय रही।

### नैनी स्टेशन के पास युवक को हॉकी से जमकर पीटा, घायल

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के नैनी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार देर रात कुछ युवकों ने एक युवक को जमकर मारा पीटा। जिसमे युवक को काफी चोटे आईं है। मारपीट के दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर जबतक पुलिस पहुंची मारपीट करने वाले फरार हो गए। पुलिस ने घायल की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मरपीट लूट समेत कई धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज की है। लेबर कालोनी नैनी मे रहने वाले विवेक सिंह ने नैनी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह उच्च न्यायालय मे अधिवक्ता है। शनिवार देर रात वह नैनी मे खाना लेने गया था, जहां पहले से घात लगाए बैठे जीतू महरा , धन्नजंय सिंह व कुछ अज्ञात लोगों ने उसे पकड़ लिया और हाकी से बुरी तरह मारा पीटा। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। नैनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मदन मोहन मालवीय स्टेडियम ने जीता वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच

### मंडौर में एक दिवसीय कैशमनी वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर गांव स्थित ए.पी.जे.अब्दुल कलाम आजाद क्रीड़ा स्थल पर एक दिवसीय कैशमनी जिला स्तरीय पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान पति बेलाल अहमद ने फीता काटकर खेल प्रारंभ कराया। प्रतियोगिता जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज से संबद्ध एवं मान्यता प्राप्त है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मदन मोहन मालवीय स्टेडियम और स्पोर्टिंग क्लब सराय ममरेज फूलपुर के बीच खेला गया। जिसमें मदन मोहन मालवीय स्टेडियम ने सराय ममरेज फूलपुर को 25 -19 और 25 -17 अंकों से हराकर प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जीत लिया। प्रतियोगिता के खेले गए अन्य मैचों में स्पोर्टिंग क्लब ऊंज ने युवा क्लब प्रतापगढ़ की टीम को 25 - 22 और 25 - 20 अंकों से, रेलवे कोरल क्लब ने सीडीए.पेंशन प्रयागराज की टीम को 25 - 23 और 25 - 21 अंकों से, स्पोर्टिंग क्लब स्टेडियम प्रयागराज ने वॉलीबाल क्लब परवेजाबाद की टीम को 25 -16 और 25 -18 अंकों से स्पोर्टिंग क्लब जगतपुर ने वॉलीबाल क्लब ऊँचडीह को 25 -14 और 25 -19 अंकों से, राजू पाल स्पोर्टिंग एकेडमी ने युवा क्लब नरहल की टीम को 25 - 15 और 25 - 20 अंकों से, स्पोर्टिंग क्लब कमासीन ने नव युवक संघ जगतपुर को 25 - 21और 25 - 23 अंकों से, पुलिस क्लब प्रयागराज ने गोल्डन क्लब को 25 - 20 और 25 - 21 अंकों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में अल्ताफ अली, मुकेश शुक्ला, विकास बाल्मीकि, राजू पाल, मो.उबैद, विनोद यादव आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की। आयोजन समिति के अध्यक्ष हसीब अहमद ने मुख्य अतिथि का बैच व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं कमेंट्री मो.जैक सेख( आजमगढ़ ) एवं अजय यादव ने किया। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित फूलपुर विधानसभा से बसपा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष आजम खां ने विशिष्ट अतिथि महोदय को बैच लगाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर आयोजन समिति की ओर से मो.यूसुफ खां, हरिकेश विश्वकर्मा, मो.यूनुस, बबलू भाई, नदीम, मो.महफूज, मो.अब्दुल्ला, मो.कैफू, संजय यादव, बच्चे मियां, मो.दाऊद, मोनू खां आदि गणमान्य व्यक्ति व खिलाड़ी उपस्थित रहे।



### लक्ष्मण शक्ति देखकर भावुक हुए उग्रसेनपुर निवासी

**प्रतापपुर।** जय बजरंग रामलीला कमेटी हनुमान मंदिर उग्रसेनपुर की रामलीला में लक्ष्मण शक्ति की लीला के दौरान युद्धभूमि में जब लक्ष्मण पर मेघनाद की कोई शक्ति काम नहीं करती तो वह ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित कर देता है। इससे रामादल के अंदर मायूसी छा जाती है लक्ष्मण शक्ति में दिखाया गया कि मेघनाद जब छल कपट से भी लक्ष्मण को पराजित नहीं कर पाता है तो वह हनुमान की आड़ में युद्ध करने का आरोप लगाता है। लक्ष्मण हनुमान को दूसरे स्थान पर जाकर युद्ध करने को कहते हैं हनुमान दूसरी जगह चले जाते हैं मेघनाद शक्ति बाण से लक्ष्मण को मूर्छित कर युद्ध भूमि से चला जाता है। हनुमान लक्ष्मण को मूर्छित अवस्था में लेकर रामादल जाते हैं इसके बाद सुषेण वैद्य की मदद से संजीवनी बूटी का पता चलता है, जिसे हनुमान लेकर आते हैं और तब लक्ष्मण को होश आता है। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में प्रतिदिन की भिन्न-भिन्न लीलाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। विभीषण शरणागति, अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कालनेमी वध की दिव्य प्रस्तुतियाँ मंच पर जीवंत हो उठीं।जय बजरंग रामलीला कमेटी लगातार इस महान धार्मिक परंपरा को निभाती आ रही। इस अवसर पर कृपाशंकर मिश्रा, विवेक मिश्रा भोले, जितेंद्र तिवारी व्यास, मुन्ना यादव, शिव भोले सिंह, मुन्ना मिश्रा, ओम मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, अनिरुद्ध तिवारी, साहनी मोदनवाल, विजय तिवारी, अश्वनी मिश्रा, दीपक सिंह, साधू सिंह गहरवार, संतोष सिंह, विकास मिश्रा, राकेश कुमार मिश्रा, श्याम कृष्ण तिवारी, गौरव मिश्र, सूरज तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# व्याकरण प्रतियोगिता में शिवांश, खुशी व सुजीत अव्वल

## प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रयास शिक्षण संस्थान ने किया सम्मानित, आधा दर्जन से अधिक स्कूलों के बच्चों ने प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग




**बारा/शंकरगढ़।** हिंदी पखवाड़ा के तहत आयोजित हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता के विजेताओं को आज पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में शिवांश, सुजीत और खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता में आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों के बच्चों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में इण्टरमीडियट वर्ग के शिवांश केसरवानी प्रथम , शिवम सिंह द्वितीय, आफरीन सिद्दीकी और अभिषेक सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया । हाईस्कूल वर्ग में खुशी सिंह प्रथम, शिखा तिवारी द्वितीय,आदित्य वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में सुजीत मिश्रा और नक्षत्र प्रति त्रिपाठी प्रथम,अनन्या लूथरा द्वितीय,सौम्या केसरवानी तृतीय स्थान पर रहे। प्राइमरी वर्ग में आभाष सिंह प्रथम, कृतिका सिंह द्वितीय, यश्वी पाण्डेय तृतीय स्थान प्राप्त किया। देवत्व प्रधान, स्नेहा केसरवानी , लहर केसरवानी,तृप्ति सिंह, रजत सिंह, आदर्श गौतम , विमल जायसवाल अर्पित केसरवानी, आस्था सिंह, दीपिका मिश्रा, सूरज कुमार, साक्षी राठौर, आरूषी कुमारी, आरव केसरवानी, अंशिका सिंह अनन्या केसरवानी, प्रियांशु कुशवाहा, अंकित सिंह, अंश तिवारी, आकांक्षा राठौर, राधा, राज तिवारी, शुभी गुप्ता, अंशिका केसरवानी , रोशनी गौतम, सूरज, अभिषेक मिश्रा अर्पित सोनी, प्रिया त्रिपाठी, अंजलि पाल , प्रियंका सिंह, श्याम मांझी और सत्यम द्विवेदी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह की अध्यक्षता जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता ने किया। मंच संचालक और प्रतियोगिता के प्रभारी संस्थान के संचालक रमेश केसरवानी ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने तथा स्थान प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से मन मस्तिष्क का विकास होता है तथा आगे भी ऐसी प्रतियोगिताएं कराने संकल्प लिया। संस्थान की संचालिका और अध्यक्ष पूजा केसरवानी ने प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष दिया।सुरेश भाई ओम शांति ने अपनी कविता भारत फिर भरपूर बनेगा , कोई नहीं कमी होगी। गाकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।मौके पर रणजीत पंडित इंटर कॉलेज लोहगरा, राजा कमलाकर इण्टर कालेज, न्यू सेंट्रल एकेडमी शंकरगढ़, न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, मिनी पैराडाइज प्ले स्कूल आदि स्कूलों के शिक्षक, प्रतिनिधि और प्रबंधक, छेदीलाल कोटार्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, पंकज केसरवानी, दीपक नीर , रामानुज गुप्ता, संजय केसरवानी प्रमोद जायसवाल सुनील केसरवानी, अभिभावकगण और नगर के प्रतिष्ठितजन उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्रतापपुर गाँव कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**लालापुर।** क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल हुए। कलश यात्रा सुबह मंदिर से विधिवत पूजा के साथ शुरू हुई। बैंड बाजों के साथ निकली कलश यात्रा प्रतापपुर गांव, तिराहा से होते हुए यमुना नदी से जल भरकर वापस हनुमान मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई। पंडित गोपाल मिश्र ने मंदिर में कथा स्थल पर मंत्रोच्चार के बीच कलशों की स्थापना कराई। कथावाचक आचार्य रजनीश मिश्र ने श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु प्रसंग सुनकर भाव विभोर होकर भगवान श्रीकृष्ण की जयजयकार कर झूम उठे। कथा में सत्यम द्विवेदी , प्रशांत तिवारी व मुख्य यजमान बित्ता बाबा , राम बाबू मिश्र , छेदी लाल सिंह, अजय सिंह,अमर सिंह, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### राहगीरों को हो रही परेशानी,सड़क पर गंदगी का अम्बार



**लालापुर।** क्षेत्र के मदुरी गांव में घूरपुर- प्रतापपुर मार्ग पर पानी भरने से गंदगी का सैलाब भरा हुआ है ।जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।कई बार ग्रामीणों ने शिकायत की लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचे जबकि सड़क में गड्ढा मुक्त करने का काम चल रहा है , ग्रामीणों की माने तो विभागीय कर्मचारियों ने सड़क पर गिट्टी डालकर गड्ढा भरने का काम कर रहे हैं जिससे पानी भरा हुआ है , अगर सड़क के किनारे पानी निकासी की व्यवस्था हो जाए तो समस्या दूर हो जाएगी ।

### जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में रामकृष्ण त्रिपाठी बने भाजपा के सक्रिय सदस्य



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के कुशलपुर गांव निवासी रामकृष्ण त्रिपाठी को भाजपा का सक्रिय सदस्य बनने पर लोगों ने बधाई दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में भाजपा अपना सक्रिय सदस्य अभियान चला रही है जिसमें शुल्क सहित सदस्य बनाने की होड़ चल रही है। रामकृष्ण त्रिपाठी समाजसेवी के साथ भाजपा जैसी पार्टी में बतौर विचार का समन्वय स्थापित होने के कारण जुड़े हैं।सनातन जगत से अपना जुड़ाव रखने वाले त्रिपाठी सच्चे देशभक्त हैं। जो इससे जुड़ने से समाज के प्रति जनसेवक के रुप में भी कार्य करते रहेंगे। आज भी वह गरीबों को व्यवसाय देने का कार्य करते रहते हैं। उनके पार्टी से जुड़ने से यमुनापार में पार्टी को मजबूत गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि वैचारिक रूप से भारतीय परंपरा और संस्कृति बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करती आ रही है जो आज के समय में जरूरी है। भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में श्री त्रिपाठी को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेजा कलेक्टर पांडेय, संयोजक राकेश पाण्डेय सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने बधाई दिया है।

# श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह, उधव चरित्र सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोतागण



**जंघई।** मुख्य यजमान ओमप्रकाश पांडेय के निवास पांडेयपुर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास राघवेंद्राचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह एवं उधव चरित्र, महारास लीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए महाराज? ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। इस अवसर पर आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीनाथ पांडेय राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक, रामचंद्र पांडेय, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, शेषमणि पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, सुरेश पांडेय शिक्षक, सुरेश पांडेय, कपिल देव तिवारी, शिव प्रकाश पांडेय, राम प्रकाश पांडेय, राजेश पांडेय, बृजेश पांडेय, प्रधान भानीपुर सौरभ पांडेय, जयनाथ पांडेय, मनोज मिश्रा, पंडित रविराज तिवारी, तबला वादक शैलेश दुबे, संदीप सुहाना, अजय, प्रधान प्रतिनिधि भानीपुर राकेश पांडेय, धनराज विश्वकर्मा, मनीष पांडेय, आदर्श पांडेय, अजय, अभय, सौरभ, सूरज सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

### एंटीरोमियों स्क्वाड द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

**प्रयागराज।** रविवार को पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के तहत नगर जोन के विभिन्न थानों में गठित एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, एण्टी-रोमियो स्क्वाड, शक्ति दीदी अभियान व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया।



### बसपा के दर्जनों कार्यकर्ता सपा में हुए शामिल

**मऊआइमा।** बसपा के पूर्व मण्डल प्रभारी प्रवीण भारती और पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष शेखू राशिद सहित मऊआइमा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। फूलपुर में समाजवादी पार्टी के एक कार्यक्रम मे बसपा मे कई वर्षों से मण्डल प्रभारी, जिला महासचिव, जिला प्रभारी जैसे विभिन्न पदों पर काम कर चुके प्रवीण भारती ने अपने साथियों के साथ सोराँव विधायक गीता पासी जी के नेतृत्व मे राष्ट्रीय महासचिव माननीय इन्द्रजीत सरोज ,प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के समक्ष बहुजन समाज पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथियों में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा कोषाध्यक्ष मोहम्मद शेखू राशिद , पूर्व विधानसभा महासचिव देवेन्द्र गौतम , पूर्व सेक्टर अध्यक्ष जूलियस पासी जी, रोहित सरोज जी, संजय पासी , सर्वेन्द्र चौधरी , महेंद्र सरोज , शिवप्रसाद पासी , मोहम्मद फैज अहमद , अंकित जायसवाल , सचिन पासी , महेश प्रजापति , फूलचंद , अमर कुमार , संदीप बिन्द , साहिल गुलजार , जितेंद्र पासी , मोहम्मद इमरान , मोहम्मद समीर , मोहम्मद शान , मोहम्मद ताहिर आदि ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# महाकुंभ में रेलवे तैयार कर रहा है 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आश्रय स्थल

**प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशन पर बने हैं 10 आश्रय स्थल, क्राउड मैनेजमेंट के लिए की जा रही है आश्रय स्थलों की कलर कोड़िग, आश्रय स्थलों में बनेगें अस्थाई टिकट घर, शौचालय व पूछताछ कांउटर**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने की कवायद जोरों पर है। मेला प्राधिकरण इस महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान व्यक्त कर रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के जरिये प्रयागराज पहुंच सकते हैं। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये महाकुंभ में पहुचंने का अनुमान है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25000 यात्रियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है।

**तैयार किया गया रोडमैप :** महाकुंभ के दौरान प्रयागराज सिटी में 9 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के आवागमन की तैयारियां चल रही हैं। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर महाकुंभ रेलवे नोडल डिविजन प्रयागराज मण्डल ने रोडमैप तैयार कर लिया है। रेलवे प्रयागराज मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रति घंटे 50 हजार यात्रियों की दर से उनके गंतव्य स्टेशनों की ओर रवाना करने की योजना बनायी गई है। इसके साथ ही लगभग 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनमें से 4 आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, 3 नैनी जंक्शन, 2 छिवकी स्टेशन और 1 सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। ये आश्रय स्थल 2019 के कुंभ में अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है। छिवकी स्टेशन पर 1 नया आश्रय स्थल भी बनाया जा रहा है।

**आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग :** पीआरओ ने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के लिए अलग-अलग गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक यात्रियों को अलग-अलग रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। इन आश्रय स्थलों में उनके स्टेशनों की ओर जाने वाली गाड़ियों की घोषणा के साथ रेलवे प्रशासन उन्हें सही ट्रेन तक पहुचांने का भी प्रयास करेगा। इसके लिए आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग, जाने वाली ट्रेनों की दिशा के मुताबिक की गई है। लखनऊ और बनारस जाने वाले यात्रियों को लाल रंग के आश्रय स्थल, कानपुर के लिए हरे रंग का, जबकि सतना, मानिकपुर, झांसी की ओर जाने वालों को पीले रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। इसके साथ ही आरछित श्रेणी के यात्रियों के लिए अलग से भी अस्थाई आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं।

## भाजपा यमुनापार सह-चुनाव अधिकारी बने रमाकांत विश्वकर्मा व राजेश शुक्ला

**पदाधिकारियों कार्यकताओं ने दी शुभकामनाएं**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र ने रविवार को संगठन पर्व 2024 के संगठनात्मक चुनाव हेतू काशी क्षेत्र के सभी जिलों के सह चुनाव अधिकारी घोषित कर दिए हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की यमुनापार काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रमाकांत विश्वकर्मा व भाजपा जिला महामंत्री यमुनापार राजेश शुक्ला को सह चुनाव अधिकारी बनाएं जाने पर जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, शिवदत्त पटेल,जय सिंह पटेल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मनोज गुप्ता, सतीश विश्वकर्मा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक पीयूष रंजन निषाद एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पार्षद दिलीप कुमार जायसवाल ने अपनी गरिमा में उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया , संस्थान के प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए यह बताया कि संस्थान में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिए जाते हैं और उन प्रशिक्षार्थियों को अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है उत्कर्ष उत्तीर्ण हुए ऐसे लगभग सौ प्रशिछार्थियों को प्रसस्ति पत्र प्राप्त हुए और अन्य प्रशिक्षार्थियों को प्रेरणा भी देते हैं, इस अवसर पर




मुख्य अतिथि पीयूष रंजन निषाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल विकास कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की उपयोगिता का बखान किया, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटरा के प्रधानाचार्य हिमांशु द्विवेदी ने सभी को धन्यवाद दिया एवं कार्यक्रम का संचालन संस्थान की अनुदेशिका ज्योति पांडे ने किया, इस अवसर पर मुस्तफीज सिद्दीकी, अशोक पटेल, राकेश शर्मा, अजय कुमार, अमृत लाल गुप्ता, फूलप्रकाश, नगीना सिंह, आकांशा जयसवाल, सुशीला एवं संसथान के समस्त कर्मचारी एकजुट हो कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किये।

# भाजपा नेता के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के मंत्री मोनू सोनकर के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा हुआ दर्ज हुआ है, मोनू सोनकर के भाई सुनील सोनकर ने लिखवाया मुकदमा। सिविल लाइंस बस स्टैंड गेट के सामने अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है । वहीं गाड़ी का नंबर लगाने को लेकर मोनू सोनकर ने सुनील सोनकर के साथ मारपीट व गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी और कहा कि मैं भाजपा नेता हूं मेरे खिलाफ कुछ नहीं होने वाला है। मोनू सोनकर की कई गाड़ियां अवैध डग्गामार में चलती है। कुछ समय पहले पूर्व एसीपी सिविल लाइंस ने



मोनू सोनकर, सोनू सोनकर समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ सिविल लाइन बस स्टैंड के आसपास अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित करने को लेकर एसीपी ने आरटीओ, ट्रैफिक समेत कई अधिकारियों के पास कार्रवाई करने के लिए भी लिखा था।

# यज्ञ हवन, पूजन, भजन एवं सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ आरोग्य उत्सव

**प्रयागराज।** धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष में प्रकृतिवेदा वैलनेस सेंटर के द्वारा हआरोग्य उत्सव यज्ञ हवन, पूजन, भजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को एन एस आई सी परिसर उद्योग नगर, नैनी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूजा पाल, विधायक चायल विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. श्लेष गौतम, कवि एवं संचालक तथा डॉ. वी के मिश्रा, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग गरिमामई में उपस्थिति में संपन्न हुआ अपने उद्बोधन में पूजा पाल ने कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में हर आदमी किसी ने किसी रोग से ग्रसित है। आयुर्वेद ही यह एसा माध्यम है जिससे इलाज करने पर आदमी किसी और विकार का शिकार नहीं होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. श्लेष गौतम ने कहा कि आयुर्वेद ही एसा माध्यम है जो मनुष्य को रोगी होने ही नहीं देता अगर कोई रोगी है तो उसको सही करने की जो क्षमता आयुर्वेद में है वह किसी और




चिकित्सा पद्धति में नहीं है। कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ. वी के मिश्रा ने कहा कि प्रकृति वेद वैलनेस सेंटर में देश-विदेश से लोग आकर उपचार करा रहे हैं प्रकृतिवेदा वैलनेस सेंटर के निदेशक डॉ पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि हजब सृष्टि की रचना हुई थी तो भगवान ब्रह्मा ने सबसे पहले यज्ञ प्रयाग की धरती पर ही किया था और इसीलिए आप प्रयाग में हवन करते हैं तो आपको बहुत सारे लाभ मिलते हैं आपको आरोग्य मिलता है सदैव निरोगी रहते हैं और एक प्रकार की यह ईश्वरी चिकित्सा भी है।हआरोग्य उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेष सेवा से स्वास्थ्य एवं समाज को दिशा देने वाले कुछ महानुभावों को सम्मानित किया गया। जिम डॉ. हितेश मनकेले डॉ रवि गुप्ता, सुचिता दिग्गा, अरुण शाश्वत , गीता रानी डॉ सूर्य यादव, योगी ज्वाला, सूरज मिश्रा अयोध्या, योगी विक्रांत, डॉ मनोज सिंह, सृष्टि मालवीय, आलोक मालवीय, अरविंद सिंह आदि प्रमुख रहे।

## न्यूज झरोखा

### जेल चौकी प्रभारी के विरुद्ध महिलाओं ने महापौर के दरबार में दिया ज्ञापन

**नैनी।** चौकी प्रभारी जेल के विरोध में महिलाएं पहुंची महापौर के दरबार में दिया ज्ञापन जेल तिराहे से लेकर यमुना ब्रिज तक लगे ढेला गोमतीयां ठेले पर मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करने वाली महिलाओं को



जेल चौकी नैनी प्रयागराज के प्रभारी एवं उनके हमराहियों के द्वारा महिलाओं को मार मार कर अधमरा कर दिया गया एवं उनका अपशब्दों का प्रयोग करते हुए चौकी प्रभारी ने दौड़ा-दौड़ा कर पिटा एवं सभी लोगों को वहां पर दुकान हटाने पर मजबूर कर दिया इस बात का ज्ञापन लेकर महिलाओं ने महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी को ज्ञापन देकर चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की एवं तत्काल स्थानांतरण करने की ज्ञापन दिया गया तथा महिलाओं ने यह भी बताया की कई लोग घायल भी हो गए हैं ।

### कौशाम्बी में आयोजित जैवलिन थ्रो में रंजना यादव ने प्रथम स्थान किया प्राप्त

**मऊआइमा।** मऊआइमा के भोलानाथ रामसुख इंटर कालेज की छात्रा रंजना यादव ने कौशाम्बी के करारी में स्थित डाक्टर ए एच रिजवी डिग्री कालेज में आयोजित भाला फेंक प्रतियोगिता में रंजना यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। जिससे विधालय और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।इसके पहले रंजना यादव ने प्रदेश स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त की थी।तथा गाजियाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान




प्राप्त कर चुकी है। रंजना यादव के घर पहुंचने पर गांव में हर्ष व्याप्त है।इस अवसर पर पिता शिवभजन यादव, खिलाड़ी पवन यादव,इसरार मोहम्मद, जगदंबिका प्रसाद पटेल, सुनील यादव,राम सेवक, अनिल यादव ने बधाई दी है। रंजना यादव मऊआइमा से स्टे गांव मलकिया गहरपुर सोरांव की निवासनीय है।वह भोलानाथ राम सुख इंटर मीडिएट कालेज चकश्याम किरांव मऊआइमा की छात्रा है।

# सड़क जलभराव की समस्या के समाधान के लिए महापौर को ज्ञापन दिए

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र के देवरख रोड, सैनिक कॉलोनी, के रहने वाले मनोज कुमार साहू ने प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी को ज्ञापन देकर बताएं कि हमारे मोहल्ले सैनिक कॉलोनी की सड़कें कई वर्षों से खराब




अवस्था में हैं, जिससे यहां के निवासियों को प्रतिदिन अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़कों के कारण न केवल पैदल चलने वालों को समस्या हो रही है, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी यह एक गंभीर समस्या बन गई है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा, जलभराव की वजह से सड़क पर कीचड़ और पानी जमा हो जाता है, जिससे आने-जाने में लोगों को अत्यधिक परेशानियाँ होती हैं। इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र ही हमारे क्षेत्र की सड़कों का पुनर्निर्माण एवं जलभराव की समस्या के समाधान के लिए उचित व्यवस्था कराने की कृपा करें, ताकि यहां के निवासियों को इन कठिनाइयों से राहत मिल सके। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज साहू पप्पू केसरवानी सुरेंद्र गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव कार्यकर्ताओं ने महापौर को ज्ञापन देकर नाली खरंजा निर्माण की मांग की।

# माफी मांगने से कोई छोटा नहीं हो जाता : राकेश टिकैत

**भाकीयू के नेता राकेश टिकैत ने गिनाई सरकार की कमियां**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत प्रयागराज पहुंचे, जहां किसानों ने उनका स्वागत किया गया. भाकियू नेता ने कहा कि यहां पर बिजली की बड़ी समस्या है. सरकार कहती तो है कि फ्री बिजली देगी लेकिन मीटर लगाए जा रहे हैं. न केवल बिजली बल्कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर भी राकेश टिकैत ने अपनी बात कही। प्रयागराज के मुंडेरा में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत का आयोजन हो रहा है, जिसके लिए सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी. इस महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए कई जिले से किसान पहुंचे. जैसे ही चौधरी राकेश टिकैत महापंचायत में पहुंचे तो उनका स्वागत किया गया. यह महापंचायत मुआवजा, भूमि अधिग्रहण और सिंचाई सहित किसानों की अलग-अलग समस्याओं को लेकर आयोजित की गई थी।




**एमएसपी और आवारा पशुओं को लेकर बोले राकेश टिकैत :** राकेश टिकैत ने कहा कि क्षेत्र में बिजली की बडी समस्या है. सरकार कहती तो है कि फ्री बिजली देंगे, लेकिन मीटर लगाए जा रही है. न केवल बिजली बल्कि फसल के मिनिमम सपोर्ट प्राइस को लेकर उन्होंने कहा कि ये भी एक समस्या है. कई समस्याएं हैं, जिसको लेकर वे धरने पर बैठे हैं. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की भी बड़ी समस्या है.

**सलमान खान को माफी मांग लेनी चाहिए :** किसानों के साथ साथ उन्होंने सलमान खान को लेकर भी कहा कि एक सॉरी बोलने से कोई बड़ा छोटा नहीं होता. सॉरी बोलने से जान बच जाए तो क्या दिक्कत है. उनका समाज (बिश्नोई समाज) है. कुछ कह रहा है तो मान लेना चाहिए. सॉरी बोलने से कोई बड़ा छोटा नहीं होता है. सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई की ओर से कई दफा जान से मारने की धमकी भी दी जा चुकी है, जिसे देखते हुए बीते दिनों अभिनेता की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।


### स्वास्थ्य शिविर में जांची गई 223 मरीजों की सेहत




**मेजा।** नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में मेजा के निबैया गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शहर के तीन प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने 223 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान अनिल कन्नौजिया ने किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया है। डॉक्टरों के मुताबिक अधिकांश मरीज वायरल फीवर, टॉयफायड, शुगर, उच्च रक्तचाप, दमा, आंखों की बीमारियों से पीड़ित मिले हैं। डॉ आशुतोष मिश्र, डॉ अजय यादव और डॉ हेमंत पांडेय ने मरीजों की जांच करते हुए उन्हें उचित सलाह भी दी। शिविर के आयोजक समिति के प्रबंधक विकास शुक्ला, सुब्बा लाल, राजकुमार शुक्ल, अशोक कुमार, निखिल पाण्डेय,अंजलि तिवारी, शिवानी तिवारी, संगीता, स्मृति, कंचन, वैभव आदि मौजूद रहे।

### नैनी मामा भांजा का दशहरा मेला सकुशल संपन्न हुआ


**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अन्तर्गत मामा भांजा के दशहरा मेला का भव्य आयोजन किया गया। शानदार तरीके से रामदल निकला एवं अहंकारी रावण का वध



हुआ। वहीं क्षेत्र का अंतिम मेला होने के कारण लोगों ने जम कर खरीदारी किया। मेला में विभिन्न प्रकार के झूलों ने बच्चों को खूब आकर्षित किया। वहीं मेला में भीड़भाड़ को नियंत्रित करने एवं यातायात व्यवस्था शांति सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम मुख्य रूप से व्यवस्था में सहयोग करती दिखायी दी।इसी क्रम में एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी संगठन परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के निर्देश पर सभी एसपीओ टीम को विभिन्न चौराहों एवं मेला क्षेत्र में सक्रिय रूप से व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी लगाई गई। मेला क्षेत्र में भ्रमण के दौरान वहां मौजूद श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम की सराहना की और सम्मान किया। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल संदीप विश्वकर्मा प्रदीप कुमार पंकज मलिक दीपक कुमार सरोज कुमार शुशील शर्मा अरविंद आशीष रावत रामजी मयंक कुमार मनीष रावत तौसीफ खान नितेश श्रीवास्तव सोनू भारतीया शनि देव सिंह सत्येन्द्र कुमार मो, फिरोज रमेश चंद्र केसरवानी आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### सरस्वती परिवार द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से रविवार को कार्यक्रम अधिकारी ऋषि दीक्षित के नेतृत्व में अरैल स्थित शूलटंकेशवर मंदिर के प्रांगण में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि



आगामी जनवरी के माघ महीने में भव्य कुंभ मेले का आगाज होने जा रहा है, जिसमें विश्व के कोने-कोने से तीर्थ यात्री, पर्यटक आदि स्नान करने हेतु आएंगे, जिसमें स्वच्छता कर्मियों की अहम भूमिका रहेगी मेले को साफ सुथरा रखने में, जिसके माध्यम से देश के कोने कोने में प्रयागराज की छवि स्वच्छता के माध्यम से ही पहचानी एवं जानी जाएगी। संस्था के पदाधिकारी *सुनील मिश्रा ने कहा कि सभी स्वयंसेवी प्रत्येक महीने के दूसरे एवं चौथे रविवार को सुबह-सुबह अपनी नींद त्याग करके मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु आम जनमानस से अपील करते हैं, जिसका परिणाम धीरे-धीरे दिखलाई पड़ रहा है कि आज लोग मंदिरों में गंदगी करने से परहेज करने लगे हैं। कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, डॉ एस.बी.यादव, आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव,नीरज पाण्डेय,अभिषेक यादव, ऋषिकेश प्रजापति, विनोद गुरानी, निर्मल कुशवाहा,गोविंद सिंह, कार्तिकेय तिवारी तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### प्रयागराज फाउंडेशन के सदस्यों ने चलाया जागरूकता अभियान

**फाफामऊ।** रविवार को प्रयागराज फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से अगामी दीपावली त्यौहार के पर्व का महत्व बताते हुए त्यौहार पर ज्यादा आवाज वाले पटाखे का इस्तेमाल न करने एवं शांति ढंग से दीपावली पर्व को मनाने को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों ने गंगापार के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया एवं बच्चों को पटाखे न जलाने की अपील करते हुए दीप प्रज्वल कर शांतिपूर्ण ढंग से दीपावली मनाने की अपील की इस मौके पर राज कुमार प्रजापति, संजना सिंह, संदीप सिंह, सुदामा देवी, राजेन्द्र प्रसाद, दीपक कुमार सहित ट्रस्ट के दर्जनो सदस्य मौजूद रहे।

## युवक की मौत पर परिजनों का हंगामा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में मुकदमा वापस न लेने की वजह से एक शख्स पर जानलेवा हमला किया गया। गंभीर रूप से जख्मी रोहित कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में हमला करने वालों के खिलाफ नामजद केस न लिखे जाने से आक्रोशित लोगों ने कैंट इलाके में हंगामा कर दिया। उनका आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचा रही है।पुलिस के समझाने से भी जब आक्रोशित लोग विरोध प्रदर्शन खत्म नहीं कर रहे थे तो धक्कामुक्की होने लगी। हालांकि रोहित के घरवाले वहां से पुलिस अधिकारियों के यहां शिकायत लेकर पहुंच गए। अफसरों के निर्देश पर अब मामले की जांच हो रही है।

**घर से निकले अस्पताल में मिले :** मामला शहर के कैंट थाना क्षेत्र का है। नेवादा की रहने वाली सुमन लता पत्नी रोहित कुमार का कहना है कि पड़ोस में रह रहे भरत लाल पुत्र बृजलाल, कमल राज, बिमल कुमार आदि से विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में है। महिला का आरोप है कि उसके परिवार को लगातार धमकी दी जा रही थी कि केस वापस ले लो। आरोप है कि कमल राज व बिमल कुमार मुकदमा वापस लेने के लिए घर आकर धमकी दिए थे।उसका कहना है कि 21 अक्टूबर की सुबह पति रोहित कुमार घर से निकले तो वापस नहीं लौटे। बहुत खोजबीन पर पता चला कि वह एसआरएन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। इलाज के दौरान शनिवार रात रोहित की मौत हो गई।घरवाले आरोप लगाने लगे कि मुकदमा न वापस लेने की वजह से हमला किया गया। पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया। इसके बाद परिवार वालों ने रविवार को हंगामा कर दिया। कैंट थाने की पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। घटना कहां हुई यह देखा जा रहा है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित जेवरात उठा ले गए चोर

**झूसी।** सूने मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे चोरों ने आलमारी और बक्शा के अंदर रखा 90000 रु0 नगद और सोने चांदी का कीमती जेवरात उठा ले गए। गृह स्वामी ने मकान का ताला टूटा हुआ देखकर उसके होश उड़ गए अंदर जाकर देखा तो नगदी और जेवर गायब मिले। चोरी की घटना से पीड़ित व्यक्ति ने स्थानीय थाना में शिकायती पत्र देकर चोरी की घटना का जल्द से जल्द खुलासा किए जाने की मांग की है। झूसी थाना क्षेत्र के इसीपुर मलावा खुर्द निवासी दिनेश सिंह ने स्थानीय थाना में शिकायती पत्र देकर बताया कि 21 अक्टूबर की रात उनकी माता जी रिश्तेदार के यहां घूमने चली गई थी उसी रात मौका पाकर चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किए उसके बाद जमकर मनमानी करते हुए घर के सभी सदस्यों का सोने चांदी का जेवर और 90000 रु0 नगद उठा ले गए जिसके कारण उसको आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित व्यक्ति के तहरीर पर मुकदमा दर्ज हो गया है अब देखना यह है कि स्थानीय थाना पुलिस इस मामले का कितने दिनों में खुलासा करती है।

## भाजपा पार्षद भाई समेत चार पर मुकदमा

**झूंसी।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पखवारे भर बाद भाजपा पार्षद भाई समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया। दशहरे के दिन पार्षद सुमित निषाद व उनके पड़ोसी कृष्ण कुमार से विवाद हो गया था बात मारपीट तक पहुच गई थी। दोनो पक्षो ने पुलिस से लिखित शिकायत की थी। वार्ड 85 नई झूंसी निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह मूर्ति विसर्जन कर लौटा था और अपने घर के सामने बैठा था तभी खुन्नस के चलते सुमित निषाद अपने भाई, भांजे व अपने एक साथी के साथ आया और गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर मारपीट करने लगा आरोप है कि इस दौरान सुमित ने पिस्टल की बट से मारकर हमारा सर फोड़ दिया पुलिस ने घटना के 15 दिन बाद कृष्ण कुमार की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच कर जांच में जुटी है।

## ट्रैक्टर की चपेट मे आने से बाइक सवार अधेड की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा, प्रतापगढ़।** तेज रफ़्तार से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट मे आने से बाइक सवार अधेड की मौके पर मौत हो गयी। दुर्घटना होने के कारण मौके पर भीड़ जमा हो गयी। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस को फोन किया और उसे अस्पताल भेजा जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुचे परिजनों मे शव देख कर कोहराम मच गया। मिली सूचना के अनुसार कुंडा कस्बे के हन्नु सिंह का पुरवा चुन्नी लाल सरोज (50) साल अपने किसी काम से हीरागंज की तरफ से आ रहा था तभी ताजपुर मे एक तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ने उसे अपने चपेट मे ले लिया। आनन फानन मे उसे मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से कुंडा सीएचसी भेजा जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार मे कोहराम मचा हुआ है।

# थाना समाधान दिवस पर कोतवाली नगर में सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

### डीएम व एसपी ने शिकायतों का किया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली नगर में पहुँचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये।

थाना समाधान दिवस में कुल 09 शिकायतें राजस्व विभाग की प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने 05 राजस्व शिकायतों के निस्तारण हेतु तत्काल राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके बनाकर भेजने के निर्देश दिये और कहा कि राजस्व सम्बन्धित प्रकरणों का बिना किसी पक्षपात के



फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम व एसपी।

सम्बन्धित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरते अन्यथा की स्थिति मे सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। अन्य प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया कि जल्द से जल्द शिकायतों का निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने लेखपालों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर तहसीलदार सुप्रिया चतुर्वेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खाद्य सचल ने प्रतिष्ठानों से एकत्र किये 11 नमूने, भेजा गया प्रयोगशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 11 नमूने संग्रहित कर विशुषण हेतु खाद्य विशुेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किये जा रहे है। खाद्य सचल दल द्वारा कटरा मेदनीगंज स्थित शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान से खोया व किशोरी मिष्ठान से छेना की मिठाई एक-एक नमूना, उसरापुर स्थित नन्द लाल के खाद्य प्रतिष्ठान से खोया का एक नमूना, जनपद प्रतापगढ़ स्थित देव इण्टरप्राइजेज की गाड़ी से फ्रोजेन मटर का एक नमूना, लालगंज अझारा स्थित बालाजी राजस्थानी स्वीट्स के प्रतिष्ठान से खोये का एक नमूना सग्रहित किया गया एवं 50 किलोग्राम खोया नष्ट किया गया जिसका मूल्य लगभाग रूपये 13500 है, इस प्रकार कुल पांच नमूनें संग्रहित किये गये। इसी प्रकार बीती रात्रि 11.40 बजे खाद्य सचल द्वारा रेडीमेड मिठाई के भण्डार की सूचना प्राप्त के उपरान्त जनपद प्रतापगढ़ के ढकवा बाजार पट्टी में स्थित सोनू जायसवाल पुत्र त्रिवेनी जायसवाल के खाद्य प्रतिष्ठान से रसगुल्ला, डोडा बर्फी, पापड़ी, मिल्क केक, पेड़ा तथा कलाकन्द के कुल 06 नमूनें संग्रहित किये गये एवं लगभग 13.72 क्विंटल दूषित खाद्य पदार्थ नष्ट कराये गये। खाद्य सचल दल में संतोष कुमार दुबे, रोशन सिंह, विवेक कुमार तिवारी, यादव संजय कुमार नन्हकू, शमशुन नेहा, ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कुण्डा उ0नि0 अंकित कुमार तिवारी मय हमराह मु0 आरक्षी अरविन्द सिंह, मु0आरक्षी अशोक कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान वारण्टी अभियुक्त संजय पाल पुत्र उदय पाल निवासी तिलौरी मोड़ कस्बा कुण्डा कोतवाली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

# शिक्षक का बेटा बना वैज्ञानिक, क्षेत्र में खुशी की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शिक्षक के बेटे का वैज्ञानिक में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोई गांव निवासी शिक्षक उमाकांत त्रिपाठी के बेटा गंगाधर त्रिपाठी का चयन डीआरडीओ में हुआ है।

उसकी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय जामताली से जूनियर हाई स्कूल और इंटर की शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज से तथा बाद जेके इंस्टीट्यूट



गंगाधर त्रिपाठी।

प्रयागराज विश्वविद्यालय से बीटेक किया। और गेट की परीक्षा में भारतवर्ष में 92वां स्थान प्राप्त किया। और आईआईटी मद्रास से एम टेक कर रहा है। उसका चयन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) मे वैज्ञानिक बी वर्ग में प्रथम स्तरीय के रूप में होने पर परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। होनहार छात्र ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। छात्र ने आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है। शिक्षक के बेटे का वैज्ञानिक पद पर चयन होने पर राजेश्वर प्रसाद दुबे, रामानंद ओझा, कमलेश दुबे प्रधान, प्रमोद दुबे प्रधान, अखिलेश मिश्र, विजय दुबे, शिव अचल सिंह, बृजेश सिंह ने बधाई दी है।

### हत्या का प्रयास धमकी मारपीट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में महेशगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के बाबागंज प्राइमरी स्कूल के पास से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना महेशगंज के प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह यादव के नेतृत्व में उ0नि0 विजेन्द्र कुमार यादव मय हमराह का0 वीरपाल, का0 प्रिन्स सेन द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही/दबिश के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना महेशगंज में विभिन्न धाराओं से संबंधित अभियुक्त प्रवीण यादव पुत्र हरिशंकर यादव निवासी बाबा का पुरवा रायगढ़ थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत बाबागंज प्राइमरी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपीगणों द्वारा एक राय होकर हत्या का प्रयास, धमकी, मारपीट के प्रकरण में वादी के तहरीर के आधार पर थाना महेशगंज में अभियोग दर्ज है। पुलिस ने लिखा पढ़ी करके अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

# न्यू एंजिल्स स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता में शामिल हुए 527 बच्चे

### भारत विकास परिषद की विशाल शाखा ने किया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद की विशाल शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल फुलवारी में संपन्न हुआ। परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रतियोगिता के संयोजक उदयभानु सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति, संस्कार, विरासत, धर्म, सनातन मूल्यों के ज्ञान के साथ समसामयिक जानकारी पर आधारित है।

इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डॉ. शाहिदा ने कहा कि



प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करतीं न्यू एंजिल्स स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा।

आधुनिक दौर की आपाधापी में बच्चों का पुरातन सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ाव कम हो रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें इस विषय में जागरूक करने का यह प्रयास सराहनीय है। शाखा अध्यक्ष गोविन्द खण्डेलवाल ने बताया कि आज इस प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यालयों के 527 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को परिषद द्वारा एक अत्यन्त उपयोगी पुस्तक प्रदान की जाती है जिसमें उपर्युक्त विषयों से सम्बन्धित हज़ारों प्रश्न एवं उनके उत्तर दिये गए है। यह पुस्तक विद्याथिर्यों के नैतिक एवं सामाजिक जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सचिव शिशिर खरे, प्रो.डॉ. पीयूष कांत शर्मा, नीतू अग्रवाल, अश्विनी केसरवानी, अरविन्द सिंह, राजेश कुमार मिश्र, मंजीत सिंह गोविंद, प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरिजा शंकर मिश्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक उदय भान सिंह व सचिव शिशिर खरे ने विद्यालय के समस्त सहयोगी शिक्षकों और कार्मिकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता हैः आचार्य सत्यव्रत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए जीवन में एक बार कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। उक्त बातें पट्टी के डडवा गांव में मुख्य यजमान राम सजीवन तिवारी व विद्या देवी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य सत्यव्रत शुक्ल ने कही। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण का व्याख्यान करते हुए कहा कि प्रभु ने अपनी सारी लीलाएं बचपन में ही दिखाई थी। मां यशोदा को मुख में ब्रह्मांड दिखाया ,कालिया नाग पर नृत्य किया ,पूतना वध के साथ ही गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाया। कथावाचक ने कहा कि भगवान कृष्ण की शरण में रहने पर सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।श्रीमद् भागवत कथा जीवन में अवश्य सुनना चाहिए जिसके सुनने से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। इस दौरान विनोद तिवारी,पवन कुमार, कृष्ण कुमार,सुभाष तिवारी,राज तिवारी, सत्यदेव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चोरी की मोबाइल लेकर भाग रहा अभियुक्त धराया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कुतमनपुर मधवापुर पुलिया के पास शनिवार को मोबाइल चोरी करके भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस के पूछने पर युवक ने अपना नाम रोशनपाल पुत्र रामकिशोर पाल निवासी अब्दुल रामसपुर नवाबगंज बताया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को वादी की तहरीर पर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

# संस्कृत भाषा संचित करने में अध्यापकों का सहयोग अपेक्षितः विधायक

### संस्कृत के छात्र-छात्राओं को वितरित की गई छात्रवृत्ति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री द्वारा संस्कृत के छात्रों की छात्रवृत्ति का शुभारंभ संपूर्ण संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में किया गया जिसके फलस्वरूप सभी जनपदों में कार्यक्रम आयोजन करने का निर्देश प्राप्त हुआ। उक्त निर्देश के क्रम में जिले में संस्कृत छात्रवृत्ति के शुभारंभ के अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके साथ अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि के रूप में



कार्यक्रम में बच्चों के साथ मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

अभिमन्यु सिंह उपस्थित हुए।

इस मौके पर विधायक ने संस्कृत छात्रवृत्ति के शुभारंभ के मौके पर सभी को यह कहकर उत्साहित किया कि संस्कृत अपनी मातृभाषा है तथा इसको सभी छात्रों के संचित करने में सभी अध्यापकों का सहयोग अपेक्षित है। जिलाध्यक्ष ने भी उनके कथनों पर सहमति व्यक्त करते हुए संस्कृत के छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए बहुत आशीर्वाद प्रदान किया। अभिमन्यु ने भी संस्कृत छात्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से सभी अध्यापकों शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य को बधाई दी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा द्वारा भी यह अवगत कराया कि संपूर्ण संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी मैट्रिक ऐसा विश्वविद्यालय है जो पूरे विश्व में एकमात्र है जिसमें पढ़ने के लिए बहुत दूर-दूर से छात्र छात्राएं आते हैं। इस दौरान संस्कृत की छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्र प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज ने किया। इस अवसर पर शिवधारा नाथ पांडे, शिव शंकर त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार तिवारी, नीरज कुमार तिवारी, रवि कुमार सिंह, रवि जायसवाल, दुर्गेश चंद्र द्विवेदी, अशोक कुमार श्रीवास्तव, कुलदीप मिश्रा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एडीएम ने धान की क्राप कटिंग का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने खरीफ-2024 मौसम की मुख्य फसल धान की क्राप कटिंग का शुभारम्भ ग्राम भीलमपुर और शिवरा में किया। ग्रामसभा में किसान के खेत में 10 मीटर के समबाहु त्रिभुज में क्राप कटिंग करायी गयी जिसमें भीलमपुर के कृषक पारसनाथ की क्राप कटिंग में 25.510 किग्रा0 व शिवरा के कृषक राम नरेश की क्राप कटिंग में 19.200 किग्रा0 वजन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि क्राप कटिंग के प्रयोगो के आधार पर ही जिले में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किये जाते है जिससे जिले में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जाती है। उत्पादकता एवं उत्पादन तथा क्षतिपूर्ति के आंकलन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत सी0सी0ई0एग्री ऐप के द्वारा क्राप कटिंग सम्पन्न करायी गयी। इस दौरान अपर सांख्यिकीय अधिकारी कलेक्टेªट करूणेश यादव, लेखपाल सूरज सिंह, कानूनगो अशोक दूबे, प्रधान सुनील कुमार यादव, बीमाकर्मी अमित, योगेश, नीलेश सिंह व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# प्रयागराज मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष के निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक

### जिले के उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी ने जताई शोक संवेदना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज के अध्यक्ष व प्रयागराज मण्डल प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष रहे स्व. विजय अरोरा का बीमारी के उपरान्त दिवंगत हो जाने पर प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में अन्य समस्त पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधुओं की एक शोक संतप्त बैठक ज़िला प्रचार मंत्री नारायण खंडेलवाल के चैक बजाजा रोड स्थित राजेश वस्त्रालय प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने अत्यन्त दुःखी मन से कहा कि प्रतापगढ़ व्यापार मण्डल स्व.विजय अरोरा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति और परिजनों को इस दारुण दुःख के सहन शक्ति



प्रांतीय उपाध्यक्ष के निधन पर शोक जताते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

सम्बल हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र ने श्रद्धेय अरोरा के त्याग समर्पण और संघर्षमय जीवन के सन्दर्भ में बताते हुए कहा कि वे अपने जीवन काल में अनेक वर्षों से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के रा./प्रा. अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर मण्डल से जुड़कर प्रयागराज में व्यापारियों के दुखों और मुसीबतों में उनका साथ दिया है। बैठक में मुख्य रूप से राहुल केसरवानी, सरदार महेन्द्र सिंह, अरविन्द जैन, पवन अग्रवाल, मनीष केसरवानी, गुंजन अख़्तर, राइन, पवन केसरवानी, मनोज खंडेलवाल, शकील अख़्तर, जगदीश मौर्य (जंबो), अमित केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, प्रवीण केसरवानी, सरदार वसिंदर सिंह, प्रदीप यादव आदि अन्य पदाधिकारी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## मतदाता पंजीकरण कैम्प का आयोजन 29 को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 नये मतदाताओं का पंजीकरण अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में करने के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु इस पुनरीक्षण में युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाना है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे तहसील सदर में मतदाता पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

## युवती से प्रेम सम्बन्ध बनाने वाले बुजुर्ग पर मुकदमा दर्ज

### छात्राओं से छेड़खानी करने वाले दो युवकों पर हुई रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बुजुर्ग को युवती से प्रेम प्रसंग में सम्बंध बनाना महंगा पड़ गया। दलित युवती की तहरीर पर बुजुर्ग के खिलाफ मुकदमा दर्ज दर्ज हुआ है। महेशगंज थाना क्षेत्र के मेढ़हा मज़रे धमोहन गांव निवासी एक युवती ने एक 60 वर्षीय वृद्ध के खिलाफ थाने में तहरीर दी है कि वृद्ध ने उससे पहले प्यार किया और उसके बाद उसका बलात्कार किया।

युवती का आरोप है कि एक साल से वृद्ध उसके साथ संबंध बना रहा था। रात में वृद्ध के साथ युवती के पिता ने पकड़ा तो बुजुर्ग ने युवती को गाली और जाति सूचक शब्दों के साथ दिया जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बुजुर्ग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उधर स्कूल जाने वाले छात्राओं का पीछा करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज किया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले फौजी की पुत्री और अपने चचेरी बहनों के साथ लालगंज अझारा स्कूल में जाती थी। स्कूल से वापस आते समय इलाके के दो युवक बाइक से पीछा करके छात्राओं से उनका मोबाइल नम्बर मांगते थे। युवकों द्वारा लगातार पीछा करने से छात्राएं परेशान हो रही थी। छात्राओं के परिजन के तहरीर पर महेशगंज पुलिस ने लालगंज कोतवाली क्षेत्र के दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# कृषि अवशेष प्रबन्धन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### खेतों में पराली जलाने पर होगा जुर्माना और सजा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत सक्षम फाउण्डेशन द्वारा विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत मुरस्सापुर में पराली प्रबन्धन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि मशीन या हार्वेस्टर से धान की कटाई करने पर मशीन खेतों में पराली छोड़ जाती है।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन सिंह ने पराली प्रबन्धन पर विस्तार से चर्चा की, उन्होने कहा कि एक फसल के बाद दूसरी फसल की जल्दी बोवाई करने के चक्कर में अक्सर किसान पहली फसल के अवशेषों को खेत में जला देते हैं। फसल अवशेषों को जलाये जाने से जहाँ मृदा की उर्वरा शक्ति में कमी आती है वहीं अवशेषों से



किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक डा0 नवीन सिंह।

निकलने वाले धुएं से पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँचता है। इस अवसर पर सचिव मनीष सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह, महेन्द्र प्रताप, डॉ यतेन्द्र कुमार, जी. आर. पटेल, अरूण शुक्ला, संजीव शुक्ला, राम सुमेर पटेल, श्री राम विश्वकर्मा, क्षमा देवी, कौशिल्या, चन्द्रावती सरोज आदि किसान उपस्थित रहे।

## घरेलू विवाद में बेटे ने मां को पीटा, शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घरेलू विवाद को लेकर छोटे बेटे ने मां को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया बीच बचाव करने आई भाभी व भतीजी को भी मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली इलाके के शुभवा गांव की रहने वाली कमला देवी पत्नी जोखू राम ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि शनिवार की देर शाम घरेलू विवाद के लेकर छोटे बेटे ने कमला देवी को लाठी डंडों से मारने पीटने लगा। जिससे वृद्ध मां को गंभीर चोटे आई, वही बीच बचाव करने गई बड़ी बहू कुसुम देवी पत्नी अच्छे लाल व उसकी बेटी सोनिया को भी मार-पीट कर घायल कर दिया। रविवार की दोपहर प्रार्थना पत्र देकर कारवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल कर रही है।

# एसडीएम ,सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाईवे पर अचानक हूटर बजाती पुलिस की कई गाड़ियां पहुंच गई वाहनों से नीचे उतर पुलिसकर्मियों ने जगह-जगह मोर्चा संभाल लिया यह देख हाईवे में खड़े लोग एक किनारे हो गए और पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च शुरू कर दिया लोग यह कयास लगाने लगे कि आखिर माजरा क्या है ?अचानक इतनी बड़ी तादाद में पुलिस कहां से आ गई ?नगर पंचायत क्षेत्र में कहीं कोई अप्रिय घटना तो नहीं हो गई !काफी देर बाद जब लोगों को यह पता चला कि कस्बे में कोई दंगा,घटना नहीं भड़का है बल्कि पुलिस दंगा नियंत्रण का अभ्यास कर रही है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की सतर्कता देख लोगों ने प्रसन्नता का इजहार किया फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को यह संदेश दिया कि त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है इस दौरान कस्बे के प्रमुख चौराहों और क्षेत्र में पुलिस में फ्लैग मार्च निकाला है एसडीएम अजेंद्र सिंह ने कहा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और संवेदनशील इलाकों में खास नजर रखी जा रही है ।वही सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने कहा दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस टीम की सतर्कता का अभ्यास किया गया ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके इस दौरान सैनी कोतवाल जयचंद्र शर्मा चौकी इंचार्ज अझुवा जितेंद्र प्रताप सिंह मय हमराहियों मौजूद रहे।

## नगर पंचायत चरवा में एडीएम एसडीएम सीओ ने किया पैदल गस्त



**महगांव कौशांबी।** आगामी दीपावली व धनतेरस त्यौहार को लेकर शासन प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। जिले के सभी उच्च अधिकारी कर्मचारी पुलिस प्रशासन नगरों कस्बों और बाजारों जैसे भीड़ भाड़ के इलाकों में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर लोगो को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाते हुए शान्ति सद्भावना भाईचारा प्रेम पूर्वक त्योहार मानने की अपील कर रहे हैं। इसी कडी में रविवार को नगर पंचायत चरवा में एडीएम प्रबुद्ध कुमार सिंह, एसडीएम योगेश कुमार गौड़ व सीओ चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी चरवा थाना प्रभारी जगदीश कुमार के साथ चरवा थाना की समस्त पुलिस फोर्स के साथ चरवा मार्केट और मोहल्लों में पैदल गस्त किया लोगो से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश करते हुए चरवा पुलिस फोर्स ने दंगा नियंत्रण करने का अभ्यास किया और चरवा बाजार के दुकानदारों व्यापारियों से बात किया और उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होने लोगों से अपील की है कि त्योहार को प्रेम पूर्वक सादगी से मनाए किसी प्रकार की कोई अराजकता या माहौल खराब करने वालों और कानून व्यवस्था को बिगड़ने का प्रयास करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। साथ ही मुख्य हिदायत पटाखा दुकानदारों को भीड़ भाड़ व बाजार से दूर दूकान लगाने और अपने दूकान में अग्निशामक यंत्र रखने को कहा गया है। पैदल गस्त के दौरान लगातार सीओ चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी स्पीकर माइक के द्वारा अपील करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने व त्योहार को शान्ति पूर्वक मानने आपसी प्रेम भाईचारा कायम रखने की बात कही। इस दौरान नगर पंचायत चरवा के तमाम व्यापारी दुकानदार मौजूद रहे।

# चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक पर मानव अंग तस्करी करने का आरोप



**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाने के एक गांव के बाहर जंगल में संचालित हो रहे मनोरोगी आश्रय स्थल से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि संस्था का संचालक मनोरोगियों की हत्या कर मानव अंगों की तस्करी करता है। वह शव को परिसर में ही जमीन के नीचे दफन कर देता है। वहां काम कर चुके एक युवक ने शनिवार को मामले की शिकायत एसपी से करते हुए मामले में जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी ने सीओ चायल को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पुरखास युसूफपुर निवासी अंसार अहमद पुत्र इस्लाम अहमद ने बताया कि एक गांव के बाहर जंगल में मनोरोगियों के इलाज के लिए एक चैरिटेबल ट्रस्ट मुक्त मानसिक दिब्यांग आश्रयस्थल का संचालन तकरीबन पिछले कई सालों से किया जा रहा है। पांच साल पहले वहां काम करने वाले का आरोप है कि संस्था का संचालक मनोरोगियों की हत्या कर मानव अंगों की तस्करी करता है और शव को परिसर में ही गड्ढा खोद कर जमीन के नीचे दफन कर देता है। उसका दावा किया है कि मनोरोगी की हत्या के बाद जहां शव दफन किया है। वह अपने एक साथी के साथ उस जगह को चिन्हित करा सकता है। उसने परिसर की जमीन की खोदाई कर जांच के बाद आश्रय संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शनिवार को उसने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए जांच कराकर ट्रस्ट के संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने चायल सीओ मनोज कुमार सिंह रघुवंशी को मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# दीपावली पर 5 दिन बाइक की खरीद पर उपहार की बौछार कर रहा है बाबा टीवीएस



**कौशाम्बी।** बाबा टीवीएस बाइक एजेंसी के बाबा चौराहा रसूलपुर गिरसा भरवारी सहित मंझनपुर मुख्यालय के ओसा रोड नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यालय के पास बाबा टीवीएस बाइक एजेंसी से धनतेरस दीपावली भैया दूज सहित 5 दिनों तक टीवीएस बाइक की खरीद पर उपहार की बौछार की गई है वीआईपी कंपनी का अरिष्टोकेट सूटकेस बाइक की खरीद में ग्राहकों को गिफ्ट दिया जा रहा है। बुधवार को न्यू रेडर बाइक की लॉन्चिंग एजेंसी मालिक और कंपनी के अधिकारियों द्वारा बाबा चौराहे भरवारी में की गई थी धनतेरस दीपावली भैयादूज के पर्व पर 5 दिनों तक बाबा टीवीएस के किसी भी शो रूम से बाइक खरीदने पर ढेर सारे उपहार देने की घोषणा एजेंसी मालिक द्वारा की गई है उन्होंने बताया कि 99 हजार 999 रुपए की कीमत पर बाबा टीवीएस में न्यू रेडर बाइक मिलेगी न्यू रेडर बाइक इस समय युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है एक तरफ मंहगे उपहार दूसरे तरफ बेहतर माइलेज और अच्छी बाइक मिलने से टीवीएस बाइक के खरीदारों की भीड़ एजेंसी में बढ़ रही है। धनतेरस दीपावली और भैयादूज के शुभ अवसर पर टीवीएस की कोई बाइक लेने पर बाबा टीवीएस अपने ग्राहकों को अरिस्टोकेट का वीआईपी सूटकेस इनाम में दे रहा है मनीष केशरवानी ने बताया कि बाइक की खरीद में इनाम में दिए जाने वाले वीआईपी सूटकेस की कीमत 7300 है इसके अलावा और तमाम ढेर सारे इनाम भी बाबा टीवीएस अपने ग्राहकों को धनतेरस दीपावली और भैयादूज पर टीवीएस बाइक की खरीद में दे रहा है दीपावली त्योहार के पूर्व से ही बाबा टीवीएस में बाइक खरीदने वाले ग्राहकों की भारी भीड़ लग रही है।

# सीसीटीवी कैमरा लगाने पर दरोगा ने उतार दी दलित की बद्धी

## मारपीट कर 20 हजार रुपए छीनने का चौकी इंचार्ज पर लगा आरोप

अखंड भारत संदेश


**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के सेवढा गांव में अपनी दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाना दलित सोनू दिवाकर पुत्र लालचंद दिवाकर को महंगा पड़ गया शनिवार की शाम को दलित की दुकान में चौकी इंचार्ज लोधौर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने गए थे लेकिन दुकानदार फुटेज नहीं दिखा सका उसे पासवर्ड नहीं पता था उसका भाई मौके पर नहीं था जिस पर चौकी इंचार्ज लोधौर अतुल रंजन तिवारी ने दलित दुकानदार को घसीटते हुए रास्ते भर मारते पीटते पुलिस चौकी लेकर गए रास्ते में उसको जमकर मारा पीटा आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने दलित दुकानदार के जेब से 20 हजार रुपए नगद छीन लिया है मामले की जानकारी मिलते ही पूरा परिवार पुलिस चौकी पहुंच गया और धरना प्रदर्शन किया जिस पर 2 घंटे बाद दलित को पुलिस चौकी से छोड़ दिया गया है लेकिन रुपया वापस नहीं किया गया है मामले की शिकायत रविवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से की है जिस पर एसपी ने थानेदार से कहा कि आप स्वयं जांच कर आख्या दे।

# सरकार की नींव हिलाने की बात करने वाले संघ और संगठन के पदाधिकारियों पर कब सरकार लेगी निर्णय

**कौशाम्बी।** सरकार से मोटा बेतन या मानदेय लेकर नौकरी करने वाले लोगों द्वारा संघ और संगठन बनाकर सरकार के विरोध में राज्य कर्मी और संविदा कर्मियों को बरगलाकर आवाज बुलंद करने के मामले को सरकार और अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जो आने वाले दिनों के लिए देश प्रदेश के लिए शुभ संकेत नहीं है सरकार से मानदेय या वेतन लेने के बाद आंगनवाड़ी आशा पंचायत मित्र सफाई कर्मी विधुत कर्मी रोडवेज कर्मियों सहित विभिन्न विभाग के राज्य कर्मियों और संविदा कर्मियों द्वारा वेतन या मानदेय लेने के बाद भी ड्यूटी नहीं दी जाती है पूरे समय संघ और संगठन की मजबूती के लिए काम किया जाता है संघ और संगठन के पदाधिकारियों के वेतन और मानदेय लेने के बाद अपनी ड्यूटी ना देने वाले बिभिन्न संघ और संगठन के पदाधिकारी पर विभागीय अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं इससे संघ और संगठन बनाकर यह पदाधिकारी वेतन मानदेय तो लेते हैं लेकिन रत्तीभर काम नहीं करते हैं आए दिन जनपद मुख्यालय में संगठन के नेताओं द्वारा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जाती है जमकर भड़ास निकाली जाती है अपने स्वार्थ के लिए सरकारी योजनाओं को फेल बताया जाता है बल्कि इतना ही नही विभिन्न विपक्ष के राजनीतिक दल के नेताओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य सरकार विरोधी नारेबाजी कर आम जनता को सरकार के कार्यो नीतियों से भ्रमित करते हैं एक तरफ सरकारी कार्य प्रभावित होता है दूसरी तरफ सरकार विरोधी नारेबाजी से आम जनता भ्रमित होती है। संगठन और संघ की मीटिंग के नाम पर कौशांबी छोड़कर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित अन्य जनपदों में संगठन के पदाधिकारी का कार्यक्रम दिन प्रतिदिन लगा रहता है जिससे इन पदाधिकारी द्वारा सरकारी कार्यों का समय से निर्वहन नहीं किया जाता है बल्कि दबाव में अन्य कर्मियों को अपनी जिम्मेदारी दे दी जाती है इस बात की जानकारी बखूबी विभाग के अधिकारियों को होती है लेकिन विभागीय अधिकारी भी भ्रष्टाचार के आकंठ में इस तरह से डूबे हुए हैं कि संघ और संगठन के पदाधिकारी के आगे उन्होंने घुटने टेक दिए हैं उन्हें इस बात का भय है कि यदि संघ और संगठन के पदाधिकारी के ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के बारे में सवाल उठाए गए तो संघ और संगठन के पदाधिकारी उनकी शिकायत शुरू कर उनके भ्रष्टाचार की बखिया उधेड़ कर उन्हें बेनकाब कर देंगे जिससे अधिकारी और संघ संगठन के पदाधिकारियों के बीच मौन स्वीकृति बन गई है और दोनों एक दूसरे के कार्यों पर हस्तक्षेप नहीं करते जिससे सरकारी कार्य प्रभावित होते हैं और संघ संगठन के पदाधिकारी विभिन्न प्रकार की जायज नाजायज मांग को लेकर अक्सर धरना प्रदर्शन कर सरकार की नींव हिलाने में लगे हैं संघ संगठन बनाकर धरना प्रदर्शन करने वाले संविदा कर्मियों और राज्य कर्मियों के कारनामों को गंभीरता से लेना होगा और वेतन लेने के बाद काम ना करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी करनी होगी तभी सरकारी कार्यालय की व्यवस्था में सुधार होगा।

# भरवारी का दो दिवसीय मेला सकुशल संपन्न

नगर पालिका अध्यक्ष का सभी पार्षद लोगो ने किया स्वागत, पार्षद मोहम्मद हुसैन ने चौकी के कलाकार को कविता पासी के नाम से नगद पुरस्कार देकर सम्मान किया ' इस मौके पर सभी पार्षद मौजूद थे





अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बा में दो दिवसीय दशहरा मेला रावण वध और भरत मिलाप सकुशल संपन्न हो गया है मेला में जोरदार तरीके से विद्युत सजावट की गई थी मेला देखने के लिए गांव क्षेत्र के लाखों लोग मेला में पहुंचे मेला की सुरक्षा को लेकर पुलिस व्यवस्था भी चाकचौबंद थी रविवार को भरत मिलाप का कार्यक्रम था जिसमें नगर पालिका परिषद भरवारी के समस्त पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी का जोरदार स्वागत कर सभी को स्वल्पाहार करवाया। तत्पश्चात अध्यक्ष कविता पासी के साथ कस्बा में सजाई गई विधुत की कंपीटिशन लाइट वा मेले का आनंद लिया तथा मेले में कस्बा के बच्चों द्वारा निकाली गई कलात्मक एवम श्रृंगरात्मक चौकी के महिला डांसरों का डांस देख पार्षद मोहम्मद हुसैन द्वारा पांच पांच सौ रुपए का इनाम कविता पासी के नाम से दिया गया जिसे पाकर चौकी के जिम्मेदारों ने अध्यक्ष कविता पासी का धन्यवाद दिया 'इस मौके पर मोहम्मद हुसैन घनश्याम पासी शंकर लाल केशरवानी राजू पासी विकास सोनकर बबलू गौतम तुषार केशरवानी पार्षद प्रतिनिधि आदि सभी पार्षद मौजूद थे।

## होमियोपैथी क्लीनिक की आड़ में चल रहा एक दर्जन बेड का अवैध अस्पताल

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के पूर्व कार्यालय सीएमओ के आगे नहर रोड में वर्तमान सीएमओ आफिस से आधा किलोमीटर की दूरी पर होमियोपैथी क्लीनिक की आड़ में चलने वाले एक दर्जन बेड के अवैध अस्पताल से सीएमओ अनभिज्ञ बने हुए है इस अस्पताल में होम्योपैथिक की आड़ में एलोपैथिक इलाज किया जाता है अस्पताल का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन नहीं है आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों को इस अस्पताल में मरीजो की देख रेख में लगाया गया है इन स्वास्थ्य कर्मियों के पास योग्यता का कोई प्रमाण नहीं है बताया जाता अस्पताल संचालक भी सरकारी अस्पताल की ड्यूटी में है लेकिन सरकारी ड्यूटी छोड़कर के यह निजी नर्सिंग होम संचालन करने में ब्यस्त दिखाई पड़ रहा है जनपद मुख्यालय में चारों ओर अवैध नर्सिंग होम की बाढ़ आ गई है जिधर देखो उधर कुकुरमुत्ता की तरह अनपढ़ गवार लोगों ने अस्पताल खोल रखा है और सीएमओ साहब कार्रवाई करने से दहशत खाते हैं।

# रंग मिजाज सिपाहियों के चलते भुखमरी के कगार पर पहुंचे ठेलिया वाले

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** करारी थाने के कुछ रंग मिजाज सिपाहियों के कारनामे के चलते चाट की ठेलिया लगाने वाले गरीब परिवार के लोग बीते डेढ़ साल से अपनी ठेलिया नहीं लगा पाते हैं जिससे चाट की ठेलिया लगाने वाले परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है बताया जाता है की करारी थाने में चौराहा के पास हनुमान जी के मंदिर के पीछे गली में बीते 20 वर्षों से आधा दर्जन चाट की ठेलिया लगती थी लेकिन उसी के सामने शराब का ठेका खुल गया है इसके बाद से करारी थाने के कुछ शराब के शौकीन सिपाहियों ने एक ठेलिया वाले को छोड़कर अन्य ठेलिया वालों को वहां से डंडा मार कर भगा दिया है जिससे सिपाही देर शाम वही शराब पीते हैं सिपाहियों के शराब पीने के गुनाह उजागर न होने पाए इसी लिए अन्य चाट की ठेलिया वहां नही लगने दिया जा रहा है बताया जाता है कि वहीं पर देर रात तक सिपाहियों का मनोरंजन भी होता है शराब पीने के बाद शबाब का भी इंतजाम होता है जहां पर देर रात दो बजे तीन बजे तक बैठकर सिपाही शराब शबाब का मजा लेते हैं वही दारू मुर्गा होता है और देर रात तक गस्त के नाम पर घर के अंदर सिपाही मौजूद होते हैं रंग मिजाज सिपाही के कारनामे के चलते अन्य ठेलिया वालो की वहां से कानून व्यवस्था देकर ठेलिया भगा दिया गया है तमाम अन्य ठेलिया वालों के व्यवसाय या तो बंद हो गए हैं या अन्य जगहों पर लगा करके वह आधा तिहावा व्यवसाय कर बच्चो का पेट पाल रहे हैं जिससे ठेलिया वालों के सामने रोजी-रोटी के संकट खड़े हो गए है लेकिन अब सवाल उठता है रंग मिजाजी में लिप्त सिपाहियों के कारनामे पर कौन रोक लगाएगा आधी रात को दूसरे घर की युवतियों के साथ बैठकर वार्ता करना उनके साथ दारु मुर्गा करने के चलते सिपहिया ने पुलिस वर्दी शर्मसार कर दी है सिपाहियों के गुनाहों को संज्ञान लेना होगा और इन पर कड़ी कार्यवाही करने होंगे।

# दीपावली त्यौहार पर पूरी तरह से मुस्तैद है कौशांबी पुलिस

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में आगामी त्यौहारों धनतेरस दीपावली भैया दूज के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिले के समस्त थाना पुलिस सर्किल पुलिस चौकी पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ कई दिन से पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिला रही है इसी क्रम में रविवार को भी जिले के संपूर्ण थाना पुलिस सर्किल पुलिस चौकी पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया है इस दौरान पुलिस टीम द्वारा लोगों से संवाद कर त्यौहार को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई।

## अवैध पटाखा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा 9.512 किलो ग्राम अवैध पटाखा के साथ अभियुक्त प्रदीप पटेल पुत्र लल्लू पटेल निवासी मारधरा को कशिया पूरब मूरतगंज के पास से गिरफ्तार किया है दीपावली पर अवैध तरीके से पटाखा बेचने में लगा था पुलिस को भनक लग गयी और गिरफ्तार कर लिया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त दिलीप को गिरफ्तार किया है दुष्कर्म का आरोपी कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है जिस पर बीते दिनों दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

# 20 वर्षों से पट्टे की जमीन पर काबिज नहीं हो पा रहा दलित

**गरीब दलित कमजोर को कानून का हवाला देकर प्रताड़ित कर थानेदारी और लेखपाली करने वालों पर नहीं हुई कार्यवाही**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंधवा रजवर के मजरा बभन पुरवा के दलित दुखू पुत्र राम स्वरूप को वर्ष 2004 में मंझनपुर तहसील से सरकारी आराजी संख्या 66 बंजर भूमि पर पट्टा मिला था दुखू का परिवार इस बात से प्रसन्न था कि उसके दुख का पहाड़ कम हो जाएगा और वह सुख में जीवन व्यतीत करेगा लेकिन उसकी तरक्की लोगो को रास नही आई और उसे कानून के मकड़जाल में उलझा दिया सरकार से पट्टा मिलने के बाद भी दुखू का दुख कम नहीं हुआ और उसकी मुसीबत लगातार बनी रही 20 वर्षों के बीच अधिकारी नेता और अदालत का दरवाजा ही वह खटखटाता रह गया कानूनी लड़ाई में फंसने के बाद दलित ने अपनी मजदूरी की रकम भी गवा दी तरक्की छोड़िए रोटी के लाले पड़ गए लेकिन उसे पट्टे की सरकारी जमीन पर 20 वर्ष की भाग दौड़ के बाद कब्जा नहीं मिल सका। पहले पुरुषोत्तम लाल लोध ने सरकार के बंजर भूमि को अपना बताकर मुकदमा दाखिल कर दिया जमीन सरकार की थी पट्टा दुखू को मिला था लेकिन बीच में पुरुषोत्तम टांग लगाकर खड़ा हो गया और इस बात को लेकर कई साल तक मुकदमा चला अंत में फैसला हुआ कि जमीन दुखू की है इस जमीन से पुरुषोत्तम से कोई मतलब नहीं है और जब दुखू के पक्ष में अदालत का फैसला आ गया तो गांव का किशन यादव ने सरकार के बंजर आराजी 66 को अपनी बता कर दुखू को कब्जा करने से रोक दिया सरकार के बंजर आराजी 66 को किशन अपनी बताने लगा और सरकार की आराजी नंबर 66 बंजर जिस पर दुखू को पट्टा मिला है उस पर दुखू को अब किशन कब्जा नहीं करने दे रहा है 20 वर्षो से न्याय के लिए दलित थाना दिवस तहसील समाधान दिवस से लेकर एसपी डीएम कमिश्नर मुख्यमंत्री तक सैकड़ो बार फरियाद कर चुका है लेकिन सरकार से पट्टे पर मिले भूमि पर दुखू को अभी तक कब्जा नहीं मिल सका है जिससे जिले की बेहतर कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है एक तरफ सरकार से लेकर सत्ता पक्ष के नेता और अधिकारी कहते हैं कि जिले की कानून व्यवस्था बेहतर है लेकिन जो जमीन सरकार की है उस जमीन पर सरकार ने दलित को पट्टा दिया है अदालत से वह मुकदमा जीत चुका है और उसके बाद उस जमीन पर दलित 20 वर्षों से कब्जा नहीं पा रहा है तो कहां बेहतर कानून व्यवस्था की बात की जा सकती है अपर जिला अधिकारी प्रबुद्ध सिंह की अदालत से 7 अगस्त 2024 को दुखू मुकदमा भी जीत चुका है लेकिन अपर जिला अधिकारी के न्यायालय के आदेश को ना तो मंझनपुर कोतवाल मानने को तैयार है और ना ही लेखपालअफसर के आदेश मानने को तैयार है जिससे लेखपाल और कोतवाल के कारनामे का अंदाजा लगाया जा सकता है जिले में गरीब दलित कमजोर को कानून का हवाला देकर प्रताड़ित कर मनमानी तरीके से थानेदारी और लेखपाली करने वालों पर अभी तक कार्यवाही भी नहीं हुई है दुखू जैसे जिले में हजारों लोग न्याय के लिए कानून की चौखट पर दम तोड़ रहे है और अफसर कानून के मकड़जाल में गरीबो को उलझा कर बेहतर कानून व्यवस्था की बात कर रहे है।

# नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में व्यापक अभियान

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत जिले के संपूर्ण थाना पुलिस की महिला सिपाहियों के साथ-साथ महिला थाना पुलिस टीम द्वारा अपने क्षेत्र में प्रतिदिन भ्रमण कर चौपाल लगाकर बालिकाओं महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया जा रहा है इसी क्रम में महिला थाना पुलिस टीम के साथ-साथ संपूर्ण थाना पुलिस की महिला पुलिस द्वारा रविवार को भी महिलाओं बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया और उन्हें आश्वासन दिया गया कि हर तरह की उन्हें सुरक्षा दी जाएगी तथा उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## महिला सहित तीन गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी वा कौशाम्बी थाना पुलिस टीम द्वारा 60 लीटर अवैध शराब के साथ चंचला देवी अल्लु बीरेन्द्र सहित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का पुलिस ने न्यायालय में चालान किया है।

## चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा चोरी के वांछित अभियुक्त धीरू चंद्र पुत्र जगपत पाल को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## सम्पादकीय

### धनतेरस से प्रारंभ होता है दीपावली पर्व

**दीपावली** का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस का त्योहार दीपावाली पर्व के पहले दिन को दशार्ता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं। धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है। धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है।

# भारत-जर्मनी के निरंतर प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को ऐसे समझिए

**कमलेश पांडे ।**


**भारत** दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है।

भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है।

हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। चूंकि जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है। क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है।

पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है, जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा। क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है।

वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की,



उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है।

एक बात और, समसामयिक दुनिया जिस तरह से तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, उसके दृष्टिगत भी हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गम्भीर चिंताएं हैं। ऐसे समय मे भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत सहारे के रूप में उभरी है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी से घोषित 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति का स्वागत करते हुए कहा है कि, 'मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, स्किल डिवेलपमेंट और इनोवेशन पर सरकार की अप्रोच को लेकर सहमति बनी है। इससे एआई (अक) सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बल मिलेगा। वहीं, रक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है।

वहीं, पीएम ने गोपनीय सूचनाओं (क्लासिफाइड इन्फर्मेशन) पर सामने आए समझौतों को बेहद अहम बताया। जबकि साझा लीगल असिस्टेंट ट्रीटी को आतंकवादी और अलगाववादी तत्वों से निपटने की दिशा में अहम कदम करार दिया। साथ ही कहा कि ग्रीन और सस्टेनेबल ग्रोथ के साझा कमिटमेट पर दोनों देश लगातार काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप के दूसरे दौर पर सहमति बनाई है। दोनों देशों ने ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप भी लॉन्च किया। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में आमंत्रित करते हुए ठीक ही कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है। उन्होंने 'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के 18वें सम्मेलन में कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह 'सही' समय है। जर्मनी ने भारत के कुशल वर्क फोर्स में जो विश्वास जताया है, वह अद्भुत है। इस यूरोपीय देश ने कुशल भारतीय वर्क फोर्स के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है।

मोदी ने आगे यह भी कहा कि, भारत वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बन रहा है। यह आज डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और 'डेटा' के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रेकॉर्ड निवेश कर रहा है। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र और दुनिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि जर्मन प्रतिनिधिमंडल को भारत की संस्कृति, भोजन और खरीदारी का भी आनंद लेना चाहिए। ताकि दोनों देश और उसके लोग एक दूसरे से भावनात्मक रूप से जुड़ सकें।

बकौल मोदी, भारत और जर्मनी के बीच वर्तमान में द्विपक्षीय व्यापार 30 अरब डॉलर से अधिक है। जर्मनी की कई कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, जबकि भारतीय कंपनियां भी जर्मनी में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। वहीं, चांसलर शोल्ज ने प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में कहा कि हमारी सरकार भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (ऋ्ळअ) की बातचीत में तेजी लाने की कोशिश कर रही है। अगर मिलकर काम करें तो यह काम महीनों में पूरा हो सकता है। हमारी सरकार ने हाल में कुशल भारतीय कर्मचारियों को जर्मनी बुलाने की रणनीति पर सहमति जताई है। इससे स्पष्ट है कि कारोबारी समझौते पर तेजी लाने की कोशिश में जर्मनी है, जो सराहनीय कहा जा सकता है। यह भारत के दूरगामी हित में है। यदि जर्मनी से हमारे सम्बन्ध फ्रांस की भांति प्रगाढ़ होते हैं तो इससे यूरोपीय संघ के साथ भारत के रिश्ते को जीवंतता मिलेगी और चीन व अरब देशों पर मनोवैज्ञानिक दबाव भी पड़ेगा।

# आखिर कब तक थमेंगे जम्मू-कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले ?

**कमलेश पांडे ।**


**आखिर** कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके!

लीजिए, जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकवादी हमला हो गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। यह नृशंस वारदात किसकी शह पर हुई और किसकी नीतिगत लापरवाही से हुई, यह पुनः विमर्श का विषय है! क्योंकि हमारे देश में ऐसी घटनाएं आए दिन की बात हो चली हैं और राष्ट्र के किसी न किसी हिस्से में घटित होती रहती हैं। आखिर इस घटना के क्या मायने हैं, इस पर विचार करने से पहले एक सुलगता हुआ सवाल मेरे मनमस्तिष्क में कौंध रहा है कि आखिरकार 'खूनी होते जा रहे लोकतंत्र' और इसको 'संरक्षित करने वाले संवैधानिक तंत्र' के पास ऐसी वहशी वारदातों को रोकने के लिए अबतक कोई स्थायी मूलमंत्र क्यों नहीं मिला है?

आखिर कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके! यदि नहीं, तो क्यों नहीं? आम जनता को जवाब चाहिए। क्योंकि इस बद से बदतर स्थिति के लिए हमारी राजनीति और उसके इशारे पर थिरकने वाला प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार अवश्य है। बस इसके न्यायसंगत पड़ताल की जरूरत है, जो बीते कई दशकों से नहीं हो पा रही है!

उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकियों ने एक और कायराना हमला करते हुए 7 मेहनतकश लोगों की उस वक्त जान ले ली, जब वो खाना खाने के लिए मेस में बैठे हुए थे। इस आतंकी वारदात में मरने वालों में एक स्थानीय डॉक्टर और टनल निर्माण में लगे 6 कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनमें से 5 लोग बाहरी राज्यों से थे। उनमें 2 अधिकारी वर्ग के और 3 श्रमिक वर्ग के थे। वहीं, इस नृशंस हमले में 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह हमला सोनमर्ग इलाके में हुआ और घटना के बाद सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।



जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए आतंकी हमले में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। यह हमला रात करीब 8:30 बजे हुआ, जब सभी कर्मचारी खाना खाने के लिए मेस में एकत्र हुए थे। चश्मदीदों के मुताबिक, जब कर्मचारी मेस में भोजन कर रहे थे, तभी 3 आतंकी वहां पहुंचे और अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इससे पहले कि कोई प्रतिक्रिया कर पाता, आतंकी हमला करके वहां से फरार हो गए। इस गोलीबारी में दो वाहन भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। खबरों के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द्यद रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। जिसकी अविलंब कमर तोड़ देनी चाहिए।

मसलन, प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिन श्रमिकों पर हमला हुआ, वे जेड मोड़ सुरंग परियोजना में काम कर रहे थे, जो गगनगीर घाटी को सोनमर्ग से जोड़ने वाली एक सुरंग है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश की एप्को नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते वहां तेजी से काम चल रहा था।

सवाल है कि जब धारा 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हाल ही में नई सरकार का गठन हुआ है और नेशनल कांफ्रेंस के चीफ उमर अब्दुल्ला ने घाटी में सरकार बनाई है, तब यह बड़ा सवाल है कि आखिर में आतंकियों के असल निशाने पर क?या था? क्योंकि नई सरकार बनने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहली आतंकी वारदात हुई है। वहीं, दूसरा सवाल यह है कि क्या आतंकियों के निशाने पर घाटी के विकास कार्यों को रोकना है? यदि ऐसा है तो यह बेहद खौफनाक है। मेरा स्पष्ट मानना है कि घाटी के विकास को परवान चढ़ा रहे मजदूरों को निशाना बनाकर आतंकियों ने बड़ी कायरता और मूर्खता का परिचय दिया है।

सवाल है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद यह पहला ऐसा मौका है जब विकास की परियोजना पर आतंकियों ने सीधे हमला किया है। जिस टनल के लिए यह मजदूर काम कर रहे थे वो भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है। इस साल कश्मीर में टीआरएफ का ये पहला बड़ा हमला है। इससे पहले इस साल जम्मू में इस संगठन ने आतंकी हमले को अंजाम दिया। भले ही केंद्रीय गृह सचिव ने इस आतंकी हमले की जानकारी जम्मू कश्मीर डीजीपी से ली और आतंकियों के खिलाफ चल रहे काउंटर ऑपरेशन का भी ब्योरा लिया।

जानकारों का कहना है कि इस साल जितने भी बड़े आतंकी हमले हुए हैं, वह जम्मू में हुए हैं। लेकिन यह पहली बार है जब कश्मीर में इस साल इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है।

वहीं, पहली बार ऐसा हुआ है कि स्थानीय (लोकल) और बाहरी (नॉन लोकल) दोनों को टारगेट किया गया है। इससे साफ है कि विकास परियोजनाओं में शामिल लोगों के हौसले को पस्त करने की खौफनाक रणनीति अब आतंकी संगठन भी अपना रहे हैं, जिसका मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। क्योंकि गांदरबल में जिस टनल के पास यह आतंकी हमला हुआ है, वह आल वेदर रोड है, जिसका निर्माण पिछले कुछ सालों से चल रहा है। यह रोड़ सीधे गांदेरबल से सोनमर्ग और वहां से लेह को कनेक्ट करता है। एक सुलगता हुआ सवाल यह भी है कि जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार के गठन के महज चार दिनों के बाद ही आतंकवादियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के ही विधानसभा क्षेत्र गांदरबल में इतना बड़ा आतंकी हमला क्यों बोला है और इसके जरिए आतंकियों ने क्या संदेश देने की जुर्रत की है। क्योंकि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नतीजे के ऐलान और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के मात्र चार दिनों के अंदर आतंकियों ने गांदरबल में आतंकी हमला बोला है। जहां उन्होंने गुंड इलाके में सुरंग के निर्माण पर काम कर रही एक निजी कंपनी के लोगों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई।

दरअसल, यह आतंकी हमला सियासी रूप से भी काफी अहम है। क्योंकि जिस इलाके में यह हमला हुआ है, वह सीएम उमर अब्दुल्ला के विधानसभा क्षेत्र गांदरबल के अधीन आता है और यहां से उमर अब्दुल्ला ने जीत हासिल की है। विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला की पार्टी ने बहुमत हासिल कर सरकार का गठन किया है। क्या 370 की बहाली पर चुप्पी साधकर और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलवाए जानें की सीएम उमर की रणनीति से आतंकवादी नाखुश हैं, क्योंकि जम्मूकश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के उमर कैबिनेट के प्रस्ताव को अब छत्र्कृ की मंजूरी का इंतजार है, जो देर-सबेर मिल ही जाएगी।

समझा जा रहा है कि चूंकि जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन के बाद उमर अब्दुल्ला लगातार जम्मू-कश्मीर के लोगों की बात कर रहे हैं। उन्होंने लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का वादा किया है। वो जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों को साथ लेकर चलने की बात कर रहे हैं। साथ ही वह कश्मीर से विस्थापित हुए पंडितों की बात कर रहे हैं। इसलिए आतंकी आका उनकी इस नई चाल से परेशान हैं। जम्मू कश्मीर की सरकार के गठन के बाद कैबिनेट ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव भी पारित किया है और उसे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंजूरी भी दे दी है। इस तरह से पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अब इस पर केंद्र सरकार को फैसला लेना है और लोकसभा और राज्यसभा में संशोधन विधेयक लाकर इसको अमलीजामा पहनाना बाकी है। केंद्र सरकार पहले ही पूर्ण राज्य के दर्जे की बात कह चुकी है।

वहीं, उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में शांति-अमल और विकास की बात कर रहे हैं, जिससे आतंकी बखौलाए हुए हैं। पहले जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुए और लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया है, और अब सरकार भी बन गई है, इससे आतंकियों के मंसूबे ध्वस्त होते दिख रहे हैं और आतंकी इसी बौखलाहट में ताजा हमला किया है। उनकी मंशा साफ है कि वे सिर्फ दहशत पैदा करना चाहते हैं। इसलिए इस हमले की सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

समझा जा रहा है कि दूसरे राज्यों से आकर काम करने वाले, कश्मीरी पंडित और गैर मुस्लिम, सरकारी कर्मचारी और सेना के अधिकारी और गैर मुस्लिम आतंकियों के निशाने पर हैं और वे टारगेट किलिंग कर दहशत फैलाना चाहते हैं।


# आखिर क्यों झुकता दिख रहा चीन

**उमेश चतुर्वेदी**

**गलवान** कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है।

लद्दाख सीमा पर गश्ती को लेकर भारत और चीन के बीच सहमति बन तो गई है, लेकिन उस पर आंख मूंदकर भरोसा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी। अतीत में चीन के रवैये को देखते हुए भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना समीचीन ही है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए।

15 और 16 जून 2020 की रात को बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिए, लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को उत्तेजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था। महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी मंशा चीन के साथ सीधा युद्ध करने के लिए सरकार को उकसाना रहा। बेशक 1962 जैसी स्थिति नहीं रही। तब से लेकर भारत ने सैनिक और आर्थिक मोर्चे पर लंबा सफर तय कर लिया है। वहीं चीन इस अवधि में दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आर्थिक मोर्चे के लिहाज से देखें तो भारत पांचवें नंबर पर है और सैनिक ताकत के लिहाज से देखें तो चौथे नंबर है। चीन दुनिया के तीसरे नंबर की सैन्य शक्ति है। ऐसे में सीधी सैनिक कार्रवाई की अपनी सीमाएं थीं। इसलिए विपक्षी दलों के तमाम उलाहनों और उकसावों के बावजूद मोदी सरकार ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर चीन को घेरना शुरू किया। इसका मतलब यह नहीं कि सीमा पर सैन्य चौकसी कम की गई या सेना को कार्रवाई की छूट नहीं दी गई। गलवान के बाद जब भी जरूरत पड़ी, आधुनिक हथियार विहीन हमारे सैनिकों ने लाल सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया।



गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इस बीच चीन को आर्थिक मंदी का भी सामना करना पड़ा है। चीन को लगता है कि अगर भारत के साथ उसके कारोबारी रिश्ते बढ़ेंगे, तभी वह आर्थिक मोर्चे पर आगे रह सकता है। इसके लिए सीधी उड़ानें एक बड़ा जरिया हो सकती हैं। इसलिए सीमा पर विवाद के बावजूद वह भारत पर गाहे-बगाहे सीधी उड़ान सेवा बहाल करने के लिए कहता रहा है। वह यात्रियों के लिए सीधी उड़ान के साथ ही उनकी संख्या बढ़ाने पर भी जोर देता रहा है। लेकिन भारत ने इसकी लगातार उपेक्षा की। भारत ने एक और कड़ा कदम उठाया। चीन के लिए सख्त वीजा नियम लागू कर दिए। चीनी नागरिकों के लिए सख्त वीजा नियम होने की वजह से चीन के विशेष इंजीनियरों और तकनीशियनों की भारत में आवाजाही पर एक तरह से पाबंदी ही लग गई। इसकी वजह से चीनी आर्थिक गतिविधियों में कमी आई। इसके साथ ही भारत ने चीनी कंपनियों के निवेश पर भी कठोर नियम लागू कर दिए। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत सरकार ने पड़ोसी देशों की कंपनियों के भारतीय निवेश की जांच प्रक्रिया में पुनरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी की एक अतिरिक्त शर्त जोड़ दी। एक तरह से पड़ोसी देशों की कंपनियों के लिए नियम सख्त कर दिए गए। इसका सबसे ज्यादा असर चीनी कंपनियों पर पड़ा। इसकी वजह से भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले अधिग्रहण और निवेश पर लगाम लग गई। इसकी वजह से गलवान कांड के बाद से ही चीनी कंपनियों द्वारा प्रस्तावित अरबों डालर के निवेश की प्रक्रिया अटक गई। जिसका सीधा असर चीन की कंपनियों पर पड़ा और उन्हें आर्थिक दिक्कतें झेलनी पडीं।

गलवान कांड के बाद भारत ने जो बड़ा कदम उठाया था, उसकी बड़ी चर्चा हुई थी। चीन की मोबाइल कंपनियों और एप्स की भारत में गलवान कांड के बाद बड़ी पहुंच बन गई थी। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत ने डाटा और गोपनीयता की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए चीन करीब 300 चीनी मोबाइल एप्स पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद साल 2023 में मोदी सरकार ने चीन की स्मार्टफोन कंपनी विवो कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी पर वीजा नियमों का उल्लंघन करने और 13 अरब डॉलर की धनराशि की हेराफेरी का आरोप लगाया था। जिसकी वजह से विवो के भारतीय बाजार पर बड़ा असर पड़ा। इसके साथ ही सरकार ने चीन की दूसरी बड़ी मोबाइल उत्पादक कंपनी शाओमी के खिलाफ कार्रवाई की। शाओमी पर आरोप लगा कि उसने विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून का उल्लंघन किया है। जांच में यह सही पाया गया और सरकार ने कार्रवाई करते हुए उसकी भारत स्थित करीब 60 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्तियों को जब्त कर लिया। इससे चीन के मोबाइल कारोबार को भारत में बड़ा झटका लगा।

वैसे चीन को यहां तक लाने में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बातचीत की बड़ी भूमिका रही है। चीनी विदेश मंत्री चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के वरिष्ठ सदस्य हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, वांग यी का मानना है कि संघर्षशील दुनिया के बीच दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को अपनी स्वतंत्रता पर मजबूती से खड़ा रहना, लेकिन दोनों के बीच एकता और सहयोग भी होना चाहिए।

# मप्र सीएम मोहन यादव का चित्रकूट दौरा, कामदगिरि की पंचकोसी परिक्रमा की

## सीएम ने अदरक कूटकर बनाई चाय

**अखंड भारत संदेश**



चाय बनाते सीएम।

**चित्रकूट।** मप्र सीएम डॉ मोहन यादव पत्नी सीमा के साथ चित्रकूट में हैं। यहां वे एक चाय की दुकान में पहुंचे। उन्होंने अदरक कूटा और फिर चाय बनाई। तभी उनकी पत्नी ने कहा मुझे तो कभी चाय बनाकर नहीं पिलाई। इस पर सीएम बोले ये हमारी बहन है तुम थोड़ी हो। बहन के लिए चाय बनायेंगे। रविवार को सीएम डॉ मोहन यादव चित्रकूट में दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे यहां शनिवार को पत्नी के साथ पहुंचे थे। रविवार सुबह भगवान कामदगिरि का पूजन कर सीएम ने पंचकोसी परिक्रमा की शुरुआत की। परिक्रमा के दौरान राधा कृष्ण मंदिर के नीचे चाय की दुकान चलाने वाली राधा ने उन्हें चाय पीने के लिए आमंत्रित किया। सीएम दुकान पर पहुंच गए। उन्होंने गैस चूल्हे पर चाय चढ़ाई। फिर अदरक कूटकर डाली। उनकी पत्नी सीमा ने भी सहयोग किया। इसके बाद सीएम ने वहां मौजूद लोगों को चाय छानकर पिलाई।



परिक्रमा लगाते सीएम मोहन यादव आदि।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोस्थली में मप्र मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचे। उन्होंने अपनी पत्नी सीमा यादव के साथ प्राचीन मुखारविंद कामदगिरि का पूजन-अर्चन कर पांच कोसी परिक्रमा की शुरुआत की। उनके साथ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री बनने के बाद ये मोहन यादव की पहली कामदगिरि परिक्रमा है। जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ता जगह-जगह स्वागत में जुटे रहे।

रविवार को सीएम मोहन यादव ने भगवान कामदगिर की पंचकोसी परिक्रमा करने के बाद कहा कि खुशी है कि अयोध्या में श्रीराम के गर्भगृह में प्रवेश के साथ ही अयोध्या में सनातन भक्तों का पांच सौ वर्षों से अधिक का संघर्ष समाप्त हुआ। चित्रकूट में दर्शन को आया था। भगवान राम ने काफी समय चित्रकूट धाम में बिताया है। हमारी सरकार यहां तीथर्यात्रियों को बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव सीएम बनने के बाद पहली बार कामदगिरि की परिक्रमा की है। उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के भाजपा नेता परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह स्वागत किया है।

परिक्रमा मार्ग में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उप्र-मप्र पुलिस के पांच सौ जवान परिक्रमा मार्ग में तैनात रहे। पूरे मार्ग पर 80 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। परिक्रमा मार्ग का कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश में और कुछ मध्य प्रदेश में आता है, जिससे दोनों राज्यों की पुलिस की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री के दो दिवसीय चित्रकूट दौरे में रात्रि विश्राम के बाद भगवान कामदगिरि का पूजन कर परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग पर संत विपिन विराट महाराज समेत कई प्रमुख लोग स्वागत में मौजूद रहे। मंदिर में भगवान की प्रतिमा के सामने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

## मप्र सीएम के पास सोते मिले भाजपा विधायक

**अखंड भारत संदेश**



सीएम के बगल में सोते विधायक।

**चित्रकूट।** डीआरआई के रामनाथ आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में मप्र  के मुख्यमंत्री बच्चों के लोक नृत्य का आनंद ले रहे थे। इस दौरान मंच पर मुख्यमंत्री के बगल में बैठे चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार गहरी नींद में सोते हुए नजर आए। मीडिया के कैमरे ने उन्हें पकड़ा तो मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें जगाया। सुरक्षाकर्मी ने उनके कान में कहा उठ जाइये, विधायक जी तुरंत चैकन्ने हो गए। इस पर कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने टिप्पणी की कि ये भाजपा सरकार है। जहां के विधायक सोते रहते हैं और जनता परेशान रहती है। मुख्यमंत्री के सामने ये स्थिति है तो अकेले में और भी गहरी नींद में होंगे। जनता भी इस वीडियो पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रही है। सोशल मीडिया पर इस पर चर्चा तेज हो गई है।

# ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में सदस्यों ने रखी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सुशीला देवी ने की। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं व कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रस्तावों के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिये गये।

ब्लाक प्रमुख ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और घटिया सामग्री का उपयोग न किया जाये, ताकि सरकारी धन का समुचित सदुपयोग हो सके। खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा ने बताया कि बैठक में मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2024-25 की प्रगति के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण और निराश्रित गौवंश संरक्षण से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर भी विशेष विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति और गौशालाओं के संचालन में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी दी। सदस्यों ने बताया कि गौशालाओं के रखरखाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था की आवश्यकता है। इस पर ब्लॉक प्रमुख ने संबंधित विभागों को इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पांडेय, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी व पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करें, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान हो सके।




चर्चा करते सदस्य।

# मैनपावर बढाकर कार्य में लायें तेजी: सचिव

### पटेल तिराहा से कर्वी-देवांगना मार्ग का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोनिवि विशेष सचिव अमित आसेरी व डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने जिले के पटेल तिराहा से कर्वी- देवांगना मार्ग पर देवांगना घाटी तक चैड़ीकरण व सुदृढीकरण संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान कार्य की प्रगति धीमी मिली। अधिशासी अभियंता लोनिवि संतोष कुमार को निर्देश दिये कि मैन पावर व मशीनों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लायें।

रविवार को लोनिवि विशेष सचिव अमित आसेरी व डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि शासन की मंशानुसार कार्य में गुणवत्ता का ध्यान दें। कर्वी-देवांगना मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हैं, मरम्मत करायें। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रान्तीय खंड संतोष कुमार सिंह, सहायक अभियंता समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण करते डीएम व लोनिवि विशेष सचिव।

## छह नवंबर से खुलेगा रानीपुर टाईगर रिजव

### जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे पर्यटक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में यूपी का चैथा रानीपुर टाइगर रिजर्व नवंबर के पहले सप्ताह में पर्यटकों के लिए खुलने जा रहा है। ये रिजर्व 53 हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है। जहां पर्यटक बाघ, तेंदुआ, हिरण व भालू जैसे कई जीवों को देख सकेंगे। रविवार को डिप्टी डायरेक्टर नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व का उद्घाटन छह नवंबर को होगा। इसके बाद पर्यटक वन विभाग की सफारी के जरिए जंगल की सैर कर सकेंगे। रानीपुर टाइगर रिजर्व की स्थापना अक्टूबर 2022 में हुई थी और अब इसे आम पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के आसपास के स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्हें टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। ये सफारी एक बार में 8 से 10 लोगों की बैठने की क्षमता रखेगी, जिससे पर्यटक अद्भुत वन्यजीवों का नजारा ले सकेंगे।

# परिश्रम कर छात्र क्षेत्र का नाम करें रोशन: सांसद

### धूमधाम से मना बुइयाबाई इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुइयाबाई इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इन्द्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बांदा-चित्रकूट संसद श्रीमती कृष्णा शिवशंकर सिंह पटेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश पटेल, सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, पूर्व शिक्षक रामकृपाल सिंह, भभुआ इंटर कॉलेज के प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव छात्र को पुरस्कृत करती सांसद।

रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कृष्णा शिवशंकर सिंह पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती कल्पना ऊषा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

छात्र-छात्राओं ने समूह गीत, समूह नृत्य राई, घूमर, होली, कैकेई के दो वरदान, द्रोपदी चीरहरण, नमो नमो ही शंकरा, सुदामा चरित्र, चीटिया कलाइयां आदि हिंदी-अंग्रेजी नाट्य मंचन किया। मख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नैतिक मूल्यों, आदशी की सराहना की। बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता-पिता व शिक्षकों की भूमिका को बताया। कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है। कठिन परिश्रम कर जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस मौके पर अंकुर सिंह, जगजाहिर सिंह, दिनेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्या कल्पना ऊषा सिंह आदि मौजूद रहे।

## छह पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले विष्णु पुत्र रामजी, प्रेम नारायण पांडेय पुत्र व्यास नारायण पांडेय, शिवा पांडेय पुत्र भोला पांडेय, रामजी पुत्र स्व रामदास छीबो, रामबाबू लालबाबू पुत्रा भोदल बरगदी पुरवा मजरा बेराउर के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# जीवन में महादेव की भक्ति नहीं तो सानिध्य असंभव: कथा व्यास

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जिनके जीवन में महादेव की भक्ति नहीं, उसके ऊपर श्रीराम-कृष्ण का सानिध्य असंभव है।

रविवार को मानिकपुर कस्बे में चल रही भागवत कथा में भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि परमात्मा परिश्रम साध्य नहीं कृपा साध्य है। इसलिए भगवान शिव और राम की भक्ति में भेद नहीं करना चाहिए। हरि-हर एक है। संत महापुरुष कहते है इसी कारण चित्रकूट परिक्रमा क्षेत्र में एक जगह ऐसी है जो शिवरामपुर है।

जो शिव और राम का है। मडफा पर्वत पर ही पौराणिक कथाओं के अनुसार महादेव ने संसार की रक्षा के लिए भयंकर हलाहल विष का पान किया था। उस विष का इतना तीक्ष्ण आवेश होने के कारण तांडव नृत्य किया। जिनका शरीर आज भी पसीने से भीगा रहता है। सभी जीवो के उद्धार एवं करुणा के लिए करुणावतार भगवान शिव हैं। सनातन धर्मावलंबियों को वर्ष में एक उत्सव जरूर मनाना चाहिए। बताया कि भक्त ध्रुव की भक्ति देखकर हरि की कृपा मिली। इसी प्रकार भरत की महिमा है। इस मौके पर मुख्य यजमान फूलमती देवी, संतोष कुशवाहा, विनोद कुमार द्विवेदी सहित भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।



कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

# महिलाओं की सुरक्षा को हुई गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक महिला सहायता प्रकोष्ठ जयप्रकाश उपाध्याय ने महिला बीट प्रणाली के सफल क्रियान्वयन बाबत थाने में नियुक्त सभी कमिऱ्यों के साथ गोष्ठी कर निर्देश दिये।

रविवार को राघव प्रेक्षागार में गोष्ठी में थानों में तैनात महिला बीट पुलिस कमिऱ्यों के बीट रजिस्टरों को देखा। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत सभी महिला पुलिस कमिऱ्यों को उनकी बीट में नियमित भ्रमण करने, महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। थाने की महिला हेल्पडेस्क पर महिला पुलिसकर्मी के शिकायतों के निस्तारण को निर्देश दिये। इस मौके पर सभी थानों के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



गोष्ठी में मौजूद महिला पुलिस कर्मी।

## पर्यावरण के प्रति मैजिक शो से किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टीटूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था ने प्रोजेक्ट जागृति कार्यक्रम के तहत ब्लाक मानिकपुर के गढचपा, शीतलपुर, करौंहा, पकौरामाफी गांवों के लोगो को पर्यावरण विषय पर जादूगर ने वायु प्रदूषण, घरेलु वायु प्रदूषण, सूखे-गीले कचरे का प्रथक्करण बाबत जादू ने समुदाय के लोगो को जागरूक किया।

शनिवार को ममता हेल्थ इंस्टीटूट फॉर मदर एंड चाइल्ड जाग्रति परियोजना से आये जादूगर ने जादू से बताया कि कैसे प्रदूषण हमारे जीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने घरेलु वायु प्रदूषण, प्लास्टिक से बनी चीजो का प्रयोग न करने व उनके उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। विषैली गैसों के संपर्क में रहने से घातक बीमारियों बाबत बताया। गर्भवती महिलाओं के लिए ये खरतनाक है। स्वास्थ्य व बच्चो पर बुरा असर पड़ता है। जादूगर ने जादू शो से लोगो को प्रदूषण से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुक किया। संस्था के जिलासमन्यक राजीव कुमार पाठक ने बताया कि जागृति कार्यक्रम एक अच्छीं सोच व सकारात्मक प्रयास है। जागरूकता से ही व्यवहार परिवर्तन संभव है। इस मौके पर रीतू, मन्दाकिनी, बीएमसी अलोक कुमार यूनिसेफ, दिलीप द्विवेदी, आशा, चन्द्र लता, सावित्री, कलावती एएनएम कार्यकत्री समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## मप्र सीएम ने भांजा लट्ठः बच्चे के प्रदर्शन को देख गोद में उठाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मप्र मुख्यमंत्री मोहन यादव शनिवार को चित्रकूट पहुंचे। यहां उन्होंने अनोखे अंदाज में लट्ठ भांजकर अपनी परंपरागत कला का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री अपनी धर्मपत्नी सीमा यादव के साथ पहुंचे। उनके साथ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे। शनिवार को मुख्यमंत्री का आगमन रामघाट में चल रही अंतर्राष्ट्रीय रामलीला के समापन समारोह के लिए हुआ। रामनाथ आश्रम में बच्चों के प्रदर्शन को देखने के बाद मुख्यमंत्री इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने बच्चों को गोद में उठा लिया। खुद भी लट्ठ लेकर परंपरागत तरीके से कला प्रदर्शन करने लगे। सनातन काल से चली आ रही ये परंपरा यदुवंशियों की संस्कृति में विशेष स्थान रखती है। जहां अपनी कला का प्रदर्शन कर लोग अपनी विरासत को जीवंत रखते हैं। मुख्यमंत्री ने भी इस परंपरा का सम्मान करते हुए लट्ठ भांज कर अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।



लट्ठ भांजते मप्र सीएम।

# नकली सोना देकर रुपये लेने वाला एक आरोपी तमंचा-कारतूस समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पुलिस ने धोखाधड़ी कर नकली सोना देकर अवैध रुपये लेने वाले आरोपी को तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

रविवार को कामता सोनी पुत्र जीतलाल सोनी तुलसी मन्दिर रोड कस्बा राजापुर ने रैपुरा थाने में सूचना दी कि 24 सितम्बर 2024 को वह अपनी दुकान पर भाइयों के साथ बैठा था। दुकान पर शिवशंकर पुत्र भोला बसिंधा, विद्यानन्द मिश्रा पुत्र लल्लू प्रसाद बरेठी व अजय पुत्र हरिशंकर बरेठी दुकान पर आये। कहा कि पवारी गांव के बबूली उर्फ मेवालाल ने फोन से बताया कि बबूली के दोस्त के पास पांच सौ ग्राम सोना है। बानगी के तौर पर सोना देगा। चेक कर लो अगर सही हो तो 60 हजार रूपये तोला के हिसाब से देगा। उसकी बात पर विश्वास करते हुए अपने भाई छोटू सोनी व बिजनेस के सहयोगी विनोद पुत्र तुलसीदास तथा शिवशंकर पुत्र भुल्ला को चारपहिया वाहन में लेकर मारकुण्डी तिराहा मानिकपुर पहुंचे। वहां बबूली उर्फ मेवालाल मिला। उसने बताया कि मारकुण्डी रोड पर पहली क्रासिंग पर सेम्पल के लिये बुलाया जा रहा है। सभी लोग क्रासिंग से थोड़ा आगे पहुंचे तो सड़क किनारे तीन व्यक्ति खड़े थे। उन्होंने दो रत्ती सोने का टूकड़ा काटकर दिया। बोले जाकर चेक कर लो। चेक किया तो सही पाया गया। विश्वास होने पर चैदह लाख पच्चीस हजार रुपये से भरा बैंग दे दिया। बैग में दो फोन गलती से छूट गये। सूचना के आधार पर रैपुरा थाने में बबूली उर्फ मेवालाल पुत्र अज्ञात पवारी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। प्रभारी निरीक्षक रैपुरा ने विवेचना दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय को सौंपी। दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सरैंया रोड़ उड़की माफी तिराहा से राजाबाबू आदिवासी पुत्र क्रमताल महुआ खेड़ा कोपना घाट शाहनगर जिला पन्ना मप्र को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में तमंचा-कारतूस व बीस हजार रुपये तथा फोन बरामद हुआ। पूंछताछ पर बताया कि नीना सिंह पुत्र चेकबाबू, बलराम पुत्र बलराज, बीडीएम पुत्र नीना सिंह महुआ खेड़ा कोपना घाट शाहनगर जिला पन्ना मप्र चारों ने मिलकर एक माह पहले सोने का व्यापार करने वाले सुनार को आधा किलो नकली सोना देकर उससे 14 लाख 25 हजार रुपये लेकर भागकर गये थे। बंटवारे में सभी लोगों को खर्च के नाम पर पचास हजार रुपये दिया गया था। शेष रुपया नीना सिंह के पास है। बताया कि मोबाइल, तमंचा मेरा है। माल बरामदगी के आधार पर धारायें बढाई गई। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, दरोगा राजेश कुमार, सिपाही बब्बूराजा, शिवम मिश्रा व धर्मेन्द्र सिंह शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल....

### 24 घंटे बीतने के बाद भी दुष्कर्म आरोपी फरार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला नर्स के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है। 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में नाकाम साबित हुई है। इस घटना ने पुलिस व एंटी रोमियो स्क्वॉड की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बीते शनिवार को पीड़िता के परिजनों ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई। इस मामले ने पुलिस के प्रति जनता का भरोसा हिला दिया है। लोगों ने कहा कि जब दिन के उजाले में इस तरह की घटनायें हो रही हैं तो रात में सुरक्षा का क्या भरोसा?

कहा कि पुलिस फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर शेयर करती है। घटना ने प्रशासन व पुलिस की कार्य शैली पर विपक्ष को हमला करने का मौका दे दिया है। इस बारे में एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस व  सर्विलांस टीम को आरोपियों की तलाश में लगाया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# इजरायल से निपटने के लिए रूस से भारत वाला 'ब्रह्मास्त्र' चाहता है ईरान



**तेहरानः शनिवार** 26 अक्तूबर को इजरायल के हवाई हमले ने ईरान की वायु रक्षा प्रणाली की कमजोरियों को सामने ला दिया है। इजरायल ने 100 से ज्यादा लड़ाकू विमानों से ईरान पर हमला बोला था, जिसमें ईरानी सैन्य ठिकानों और मिसाइल निर्माण सुविधाओं को निशाना बनाया गया। हालांकि, ईरान के पास रूस से हासिल एस-300 वायु रक्षा प्रणाली है, लेकिन यह भी इजरायली एफ-35 और एफ-16 के हमले को रोकने में नाकाम रही। यही वजह है कि इजरायल से मुकाबला करने के लिए ईरान रूस ने नया महाशक्तिशाली एयर डिफेंस सिस्टम हासिल करना चाहता है।

ईरान ने Su-35 लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है। इसके साथ ही वह र-400 वायु रक्षा प्रणाली हासिल करना चाहता है, ताकि इजरायल की मिसाइलों और वायु सेना का सामना किया जा सके। एस-400 को दुनिया का सबसे अच्छी वायु रक्षा प्रणाली में माना जाता है। रूस ने अपने दोस्त भारत को ये एयर डिफेंस सिस्टम दिया है।

**ईरान को अभी करना होगा इंतजार**

ब्रिटेन के रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट में सैन्य विज्ञान टीम में एयरपावर और प्रौद्योगिकी के सीनियर फेलो जस्टिन ब्रोंक ने बिजनेस इनसाइडर से बातचीत में बताया कि ईरान को Su-35s की डिलीवरी में समय लगेगा। इसके साथ ही पायलटों को प्रशिक्षित करने, बुनियादी ढांचा और जमीनी सहायता उपकरण तैयार करने में समय लगेगा। यानी ईरान को इजरायल के खिलाफ क्षमता हासिल करने के लिए अभी इंतजार करना होगा।


**ईरान के पास दशकों पुराने जेट**

ईन की वायु सेना को 1990 के दशक की शुरूआत के बाद से ही नए लड़ाकू जेट नहीं मिले हैं। ऐसे में सुखोई 35 ईरान की पुरानी वायु सेना को आंशिक रूप से उन्नत करने में मदद करेगा। यह ईरान की हवाई क्षेत्र की रक्षा करने की क्षमता में वृद्धि करेगा। हालांकि, इससे क्षेत्र में शक्ति संतुलन नहीं बदलेगा। सऊदी अरब और यूएई जैसे ईरान के प्रतिद्वंद्वियों के पास ईरान की तुलना में कहीं अधिक उन्नत विमान हैं। यही वजह है कि ईरान को अभी भी ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों पर निर्भर रहना होगा।

ईरान के पास एस-300 वायु रक्षा प्रणाली ईरान के पास अभी रूस से हासिल की गई एस-300 वायु रक्षा प्रणाली है, लेकिन शनिवार के इजरायली हवाई हमले ने ये साबित कर दिया है कि यह काफी नहीं है। भारत में इजरायली राजदूत ने रुवेन अजार ने एक इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के पास एस-300 है,

जो इजरायल के एप-35 और एफ-16 को रोक नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि तेहरान की सैन्य ताकत बेनकाब हो चुकी है और इजरायल ईरान में कहीं भी हमला कर सकता है।

# इजरायली हमले की थी रूस को खबर, दोस्त ईरान को बचाने के लिए पुतिन ने दी थी खुफिया जानकारी



**तेहरानः इजरायल** ने शनिवार को ईरान पर एयर स्ट्राइक की। इस एयर स्ट्राइक में 100 विमानों का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने कहा है कि उन्हें इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। ईरान ने पुष्टि की है कि इजरायली हवाई हमले में उसकी एयर डिफेंस फोर्स के चार सैनिक मारे गए हैं। कथित तौर पर रूस ने ईरान को इजरायल के दूसरे दौर के हमले से कुछ घंटे पहले खुफिया जानकारी दी थी, लेकिन इस चेतावनी के बावजूद ईरान को नुकसान हुआ। स्काई न्यूज अरेबिया की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की ओर से दूसरे दौर के हमले से कुछ घंटे पहले रूस ने ईरान को खुफिया जानकारी दी थी।

ईरान ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की इजरायली हमले में मौत के बाद इजरायल पर हमला बोला था। 200 से ज्यादा मिसाइलों के जरिए हमला किया गया था। शनिवार को इजरायल की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई है। ईरान ने पुष्टि की कि इजरायल ने तेहरान प्रांत के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया है। तेहरान में धमाके सुनाई देने को लेकर ईरान ने कहा कि जो आवाज सुनाई दी है वह ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम के एक्टिव होने से आई है।

**ईरान के चार सैनिकों की मौत**

इजरायल की ओर से किए गए हमले की लेबनान और हमास समेत ईरान के अन्य सहयोगियों ने निंदा की है। इस बीच इजरायल ने ईरान को जवाबी हमला न करने की चेतावनी दी है। ईरान ने बताया है कि इजरायली हवाई हमले में उसके मरने वालों की संख्या चार तक पहुंच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक मरने वाले सभी लोग ईरानी एयर डिफेंस से जुड़े थे। हालांकि ईरान ने उनकी तैनाती की जगह नहीं बताई है।

**ईरान ने की सीजफायर की मांग**

ईरान की सेना ने शनिवार रात एक बयान जारी किया जिसमें गाजा पट्टी और लेबनान में संघर्षविराम का सुझाव दिया गया। इस संबंध में ईरानी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उसे इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है, लेकिन बयान से ऐसे संकेत मिलते हैं।

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई बीमार, उत्तराधिकारी को लेकर उठे सवाल, कौन होगा शिया देश का अगला नेता?

**तेहरानः ईरान** के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई गंभीर रूप से बीमार हैं। उनके खराब स्वास्थ्य के कारण उनके उत्तराधिकार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। खामेनेई की उम्र 85 वर्ष है। न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके दूसरे नंबर के बेटे मोजतबा खामेनेई उनके उत्तराधिकारी बन सकते हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (IRGC) इस प्रक्रिया में भूमिका निभा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खामेनेई की गंभीर बीमारी की स्थिति ने उनके उत्तराधिकार को लेकर एक 'शांत लड़ाई' शुरू कर दी है।

मई में एक हेलीकॉप्टर हादसे में पूर्व ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद खामेनेई के उत्तराधिकारी को लेकर चिंता बढ़ गई थी। खामेनेई 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर हैं। रूहुल्लाह खुमैनी के निधन के बाद वह सुप्रीम लीडर बने थे। ईरान में सुप्रीम लीडर एक बेहद शक्तिशाली पद होता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट ऐसे समय में आई है ।

## अंतरिक्ष से पृथ्वी पर गिरा उल्कापिंड, जमीन छूने से पहले ही आसमान में हुआ धमाका

**वॉशिंगटनः पृथ्वी के** लिए एस्टेरॉयड हमेशा से खतरा रहे हैं। हाल ही में एक 3 मीटर चौड़ा एस्टेरॉयड पृथ्वी के वायुमंडल में आया। एस्टेरॉयड जिन्हें हम क्षुद्रग्रह कहते हैं वे आकाशीय चट्टानें हैं, जो ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करती हैं। कभी-कभी यह पृथ्वी के करीब आ जाते हैं, जो खतरनाक स्थिति बनाते हैं। यही कारण है कि स्पेस एजेंसियां इनकी निगरानी कर रही होती हैं। एजेंसियां इनकी निगरानी के साथ-साथ एस्टेरॉयड के पथ की भविष्यवाणी भी कर सकती हैं। इस साल तीन एस्टेरॉयड पृथ्वी के वायुमंडल में घुसने में कामयाब रहे।

जब से एजेंसियां इन पर नजर रख रही हैं तब से पृथ्वी के वायुमंडल में आने वाले बड़े एस्टेरॉयड की संख्या 10 हो गई हैं। आम जनता के लिए इनका प्रभाव पता चलने लायक नहीं था। लेकिन वैज्ञानिक महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करने में सक्षम थे। सोमवार 21 अक्टूबर को अ11ु6ऊ (2024 वद) नाम का एस्टेरॉयड कैलिफोर्निया के तट से लगभग 1000 किमी दूर वायुमंडल में आया। रिपोर्ट के मुताबिक यह चट्टान 3 मीटर चौड़ी थी और प्रशांत महासागर के ऊपर हमारे ग्रह के वायुमंडल में प्रवेश कर गई।

**आग का गोला बन गया**

स्पेस एजेंसियों ने एस्टेरॉयड की खोज तब की जब यह वायुमंडल में प्रवेश करने वाला था। एटलस सर्वे ने सिर्फ कुछ अवलोकनों के इस्तेमाल से इसकी निगरानी की। स्थानीय समय के मुताबिक 22 अक्टूबर को सुबह 3:54 बजे यह एक आग के



गोले में बदल गया। आसमान इससे रोशन हो गया। जमीन पर आने से पहले ही यह जल गया। वैज्ञानिक का अनुमान है कि इस एस्टेरॉयड की ऊर्जा सितंबर की शुरूआत में फिलीपींस के ऊपर आसमान में प्रवेश करने वाले एस्टेरॉयड की तुलना में कम होगी।

देपसांग और डेमचॉक से चीन पीछे करने लगा अपनी सेना, हटाए टेंट

**फिलीपींस के ऊपर फटा था एस्टेरॉयड**

ओंटारियो में वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के उल्का वैज्ञानिक पीटर ब्राउन ने एक्स पर लिखा कि हवाई में एटलस टेलीस्कोप ने इसे सबसे पहले देखा। कई पोस्ट में उन्होंने बताया यह अब 10वीं वस्तु है जिसके प्रभाव की पहले से भविष्यवाणी की गई थी। यह घटनाएं लगभग नियमित होती जा रही हैं, क्योंकि एटलस, कैटालिना और पैन-रळअफ्रर जैसे सर्वे और बेहतर होते जा रहे हैं। पिछले महीने 5 सितंबर 2024 को पृथ्वी से टकराने से कुछ घंटे पहले ही एक ऐसा एस्टेरॉयड दिखा था। यह फिलीपींस के ऊपर आग के गोले के रूप में फटा था।

## दक्षिण सूडान में बाढ़ के कारण 13 लाख से अधिक लोग प्रभावित : संयुक्त राष्ट्र

**जुबा। सूडान** के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ से 13 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है।

संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में डेटा जारी करते हुए कहा कि बाढ़ के कारण अब तक 42 काउंटियों और अबेई प्रशासनिक क्षेत्र में लगभग 3,27,000 लोग विस्थापित हो चुके हैं।

ओसीएचए ने कहा, "पिछले सप्ताह संयुक्त सरकारी और अंतर-एजेंसी आकलन में पाया गया कि जोंगलेई, उत्तरी बहर अल-गजल और ऊपरी नील राज्यों में 2,30,000 अतिरिक्त लोग प्रभावित हुए हैं।"

ओसीएचए ने कहा कि भारी वर्षा और बाढ़ के कारण 15 प्रमुख आपूर्ति मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंच काफी हद तक सीमित हो गई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने चेतावनी दी है कि जारी बाढ़ और तीव्र वर्षा के कारण मानवीय पहुंच की स्थिति खराब हो गई है, जिससे क्षतिग्रस्त और दुर्गम सड़कों के कारण ऊंचे स्थानों पर शरण लेने वाले प्रभावित समुदायों तक सामान पहुंचाने में बाधा उत्पन्न हुई है।



दक्षिण सूडान दशकों में आई सबसे भयंकर बाढ़ का सामना कर रहा है, जिसने देश के कई हिस्सों में व्यापक तबाही मचाई है और अब तक वहां घरों और आजीविका पर असर पड़ा है। सड़कें और प्रमुख बुनियादी ढांचे डूबने के साथ कई समुदाय तबाह हो गए हैं।


ओसीएचए के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के पूर्वानुमान में औसत से अधिक बारिश, युगांडा से नदियों का बहाव और संभावित रूप से रिकॉर्ड तोड़ बाढ़ की भविष्यवाणी की गई है।

जून से अक्टूबर के लिए तीव्र खाद्य असुरक्षा परिदृश्य पर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा दी गई प्रारंभिक चेतावनियों के अनुसार, यह देश वैश्विक स्तर पर भूखमरी को लेकर 18 हॉटस्पॉट में से एक है, जहां खाद्य सुरक्षा बिगड़ रही है।

# रूसी S-300 हमारे F-35 को रोक नहीं सकता... भारत में इजरायली राजदूत का बड़ा दावा

**यरुशलमः इजरायल** ने शनिवार 26 अक्तूबर की सुबह ईरान पर सबसे बड़ा हमला बोला था, जिसमें राजधानी तेहरान और देश की अन्य जगहों पर सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया है। इजरायली सेना ने कहा था कि उसने ईरान और उसके प्रॉक्सी के हमलों के जवाब में सटीक हमले किए हैं। इस बीच भारत में इजरायली राजदूत रुवेन अजार ने दावा किया है कि इजरायल ईरान को और भी नुकसान पहुंचा सकता था। उन्होंने कहा कि इजरायल क्षेत्र में शांति चाहता है, लेकिन वह क्षेत्र में ईरान के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हमलों को स्वीकार नहीं करेगा। इसके साथ ही उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि वह इजरायल को रोक नहीं सकता है।

एनडीटीवी से बात करते हुए अजार ने इस हमले के साथ ईरान को संकेत दिया है कि अगर वह संघर्ष को आगे बढ़ाना चाहता है तो उसके पास ईरान में कई लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा, इजरायल ने बहुत ही सटीक हमला किया, जिसने ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को नष्ट कर दिया और उनके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों से जुड़े प्रतिष्ठान को निशाना बनाया। यहां संकेत साफ है- ईरान का



प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हमला मंजूर नहीं होगा।

**बेनकाब हो चुका है ईरान**

अजार ने दावा किया कि ईरान बेनकाब हो चुका है। ईरान की जवाबी कार्रवाई की चेतावनी पर इजरायली राजदूत ने कहा कि इजरायल इससे चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा, हम इसके लिए तैयार हैं। हम अपने सहयोगियों खास तौर पर अमेरिका के साथ समन्वय कर रहे हैं, जो हमारा पूरी तरह से समर्थन कर रहा है।

अजोर ने आगे कहा कि 'यह बहुत साफ है कि इजरायल ईरान को नुकसान पहुंचाने के लिए और भी बहुत कुछ कर सकता था,

लेकिन उसने जिम्मेदारी से प्रतिक्रिया को सीमित करने का विकल्प चुना।' उन्होंने कहा कि इजरायल गाजा में ऑपेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। इसमें हमास की सैन्य क्षमता को खत्म करना, बंधकों को वापस लाना और यह सुनिश्चित करना कि हमास फिर से हथियार न उठाए। उन्होंने कहा कि उत्तर में लेबनान सीमा के पास इजरायली लोगों को फिर से इजरायली क्षेत्रों में वापस लाना लक्ष्य है।

**रूसी र-300 को बताया फेल**

ईरान की सैन्य क्षमताओं के बारे में बोलते हुए इजरायली राजदूत ने कहा, 'कोई भी व्यक्ति जो इस बारे में कुछ जानता है, उसे पता है कि ईरान के पास एस-300 (वायु रक्षा प्रणाली) है, वह इजरायली रक्षा बलों के एफ-35 और एफ-16 को रोकने में सक्षम नहीं है। इसलिए वे जो चाहें कहते रह सकते हैं, लेकिन बहुत स्पष्ट है और संदेश बहुत साफ तरीके से दिया गया है।' बता दें, ईरान ने रूस से र-300 वायु रक्षा प्रणाली हासिल की है।

## उत्तरी गाजा में इजराइली हमलों में 22 लोगों की मौतः फलस्तीनी अधिकारी

**उत्तरी गाजा**

**गाजा** के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

उत्तरी गाजा पर इजराइल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य



मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

## इजरायली एयर स्ट्राइक में ईरान के 4 सैनिकों की मौत, न्यूक्लियर साइट सुरक्षित

**वॉशिंगटनः इजरायल** ने ईरान पर शनिवार की सुबह एयर स्ट्राइक की। 100 विमानों के जरिए एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया गया। इस हमले के बाद अब अमेरिका अलर्ट है और ईरान से पलटवार न करने की चेतावनी दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपने जवाबी हमले में विशेष रूप से सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा, 'ऐसा लगता है कि उन्होंने मिलिट्री टार्गेट के अलावा किसी और चीज पर हमला नहीं किया है।'

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने ईरान में सैन्य स्थलों पर इजरायल के हमलों का जवाब देने के खिलाफ ईरान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान को इजरायल के हमलों का जवाब देने की गलती नहीं करनी चाहिए, जो एक दूसरे पर अटैक के अंत का संकेत होना चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# फिलीपीन में भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 126 लोगों की मौत

**फिलीपीन**

**तूफान** के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। फिलीपीन के प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। फिलीपीन में उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग लापता हो गए हैं।

फिलीपीन के राष्ट्रपति ने शनिवार को बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है जिसके कारण लोग वहां फंस गए हैं। सरकार की आपदा-प्रतिक्रिया एजेंसी ने पहले बताया था कि शुक्रवार को फिलीपीन के उत्तर-पश्चिमी



दिशा की ओर से आए ट्रामी तूफान के कारण कम से कम 85 लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य लोग लापता हुए हैं। यह दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में इस साल का अब तक का सबसे घातक और विनाशकारी तूफान है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 126 हो गई है और कई अन्य लोग लापता हैं।

एजेंसी ने बताया कि तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। फिलीपीन के प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने तूफान ह्यट्रामीह्व के कारण मनीला के दक्षिण-पूर्व में बुरी तरह प्रभावित हुए क्षेत्र का शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि तूफान के कारण असामान्य रूप से भारी बारिश हुई और कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां मात्र 24 घंटों में इतनी बारिश हो गई जो एक से दो महीने में होती है।

## शरारत, दुष्प्रचार... भारत ने UNSC में पाकिस्तान को धो डाला

**संयुक्त राष्ट्रः भारत** ने महिला, शांति और सुरक्षा (डब्ल्यूपीएस) एजेंडे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक के दौरान पाकिस्तान के "शरारती उकसावे" और "राजनीतिक दुष्प्रचार" की जमकर आलोचना की। इस दौरान भारत ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से हिंदू, सिख और ईसाई महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने शुक्रवार को यूएनएससी में कहा, "यह निंदनीय है, लेकिन पूरी तरह से अनुमान के अनुरूप है कि एक प्रतिनिधिमंडल ने गलत और भ्रामक सूचनाएं फैलाने की अपनी आजमाई हुई रणनीति के आधार पर शरारती उकसावे को हवा देने का विकल्प चुना है।" हरीश ने "बदलते परिवेश में शांति स्थापित करने वाली महिलाएं" विषय पर यूएनएससी में आयोजित खुली बहस में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे को फिर से उठाए जाने पर हरीश ने जोरदार जवाब देते हुए कहा, "इस महत्वपूर्ण वार्षिक बहस में इस तरह के राजनीतिक दुष्प्रचार में लिप्त होना पूरी तरह से गलत है।